आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक 209- ● जबलपुर ● मंगलवार, 31 अगस्त, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष -9 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in



## सिंहराज अडाना को कांस्य

टोक्यो पैरालंपिक में भारत के सिंहराज अडाना ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा एसएच-1 के फाइनल में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। उन्होंने यह पदक 216.8 अंकों के साथ अपनी झोली में डाला। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद हर कोई तारीफ कर रहा है।

# 9 न्यायाधीशों की इतिहास में पहली बार शपथ टीव्ही पर लाइव

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में हाल ही में नियुक्त नौ नए न्यायाधीशों को सीजेआई एनवी रमण मंगलवार को शपथ दिलाई। यह पहला मौका है जब इतना बड़ा शपथ समारोह हुआ। नौ नए न्यायीधीशों में तीन महिला न्यायाधीश शामिल हैं। शपथ ग्रहण समारोह उच्चतम न्यायालय के अतिरिक्त भवन परिसर के सभागार में आयोजित किया गया। सुप्रीम कोर्ट के इतिहास में यह पहला मौका है जब नौ जजों को एक साथ शपथ दिलाई गई। आमतौर पर नए जजों को शपथ प्रधान न्यायाधीश के कोर्ट रूम में दिलाई जाती है। मंगलवार को नौ नए जजों की शपथ के बाद शीर्ष अदालत में सीजेआई रमण समेत जजों की संख्या बढ़कर 33 हो जाएगी, जबकि स्वीकृत संख्या 34 है। शपथ समारोह का डीडी न्यूज, डीडी इंडिया और लाइव वेबकास्ट पर सीधा प्रसारण किया गया। बता दें, नौ नए जजों के नामों को सीजेआई रमण की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने 17 अगस्त को हुई बैठक में मंजूरी दी थी। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट में नए जजों की नियुक्ति को लेकर 21 माह से जारी गतिरोध खत्म हो गया। इस गतिरोध के कारण ही 2019 के बाद से एक भी नए जज की नियुक्ति शीर्ष कोर्ट में नहीं हो सकी थी। 17 नवंबर 2019 को तत्कालीन सीजेआई रंजन गोगोई की बिदाई के बाद से यह गतिरोध कायम था।



### एक सितंबर से प्रत्यक्ष सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने एक सितंबर से मामलों की अंतिम सुनवाई प्रत्यक्ष रूप (फिजिकल) से करने के लिए नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी कर दी है। साथ ही, कोरोना मानदंडों को पालन करने के मद्देनजर मंगलवार से बृहस्पतिवार तक मिश्रित (हाइब्रिड) विकल्प इस्तेमाल किया जाएगा। यह मानक प्रक्रियाएं प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण के निर्देश पर जारी की गई है। उन्होंने बार निकायों की मांग और अनुरोध पर विचार करने के लिए गठित न्यायाधीशों की समिति की सिफारिशों पर ध्यान करने के बाद यह फैसला लिया है। कोरोना के कारण बीते साल मार्च से शीर्ष कोर्ट वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से मामलों की सुनवाई कर रहा है। लेकिन पिछले कुछ समय से कई बार निकाय और वकील फिर से प्रत्यक्ष सुनवाई शुरू करने की मांग कर रहे थे।

### जानिये कौन हैं ये जज

शीर्ष अदालत के न्यायाधीशों के रूप में पद की शपथ लेने वाले नौ नए न्यायाधीशों में शामिल हैं- न्यायमूर्ति अभय श्रीनिवास ओका, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति जितेंद्र कुमार माहेश्वरी, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना, न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश, न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और पीएस नरसिम्हा। जस्टिस नागरत्ना सितंबर 2027 में पहली महिला सीजेआई बनने की कतार में हैं। जस्टिस नागरत्ना पूर्व सीजेआई ई एस वेंकटरमैया की बेटी हैं। इन नौ नए जजों में से तीन जस्टिस नाथ, नागरत्ना और नरसिम्हा सीजेआई बनने की कतार में हैं।

# MP के 12 लोगों की मौत

## राजस्थान के नागौर में तूफान जीप और ट्रेलर की टक्कर

**उज्जैन, नागौर।** राजस्थान के नागौर में तूफान जीप और ट्रेलर की टक्कर में 12 लोगों की मौत हो गई और 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में मारे गए सभी लोग मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले के बताए जा रहे हैं। घायलों को इलाज के लिए नोकहा के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के मुताबिक सभी राजस्थान के रामदेवरा दर्शन के लिए जा रहे थे। हादसे में मारे गए लोगों में सात महिलाएं शामिल हैं, क्रूजर में 18 लोग सवार थे। दोनों वाहन बहुत तेज रफ्तार में थे और तूफान जीप में जरूरत से ज्यादा लोग सवार थे। सभी रामदेवरा में दर्शन करने के देशनोक में करणी माता के दर्शन के लिए जा रहे थे। इस दौरान उनका वाहन ट्रेलर से टकरा गया और मौके पर ही आठ लोगों की मौत हो गई जबकि तीन



लोगों ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। प्रधानमंत्री ने पीएम राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। इधर सीएम शिवराज सिंह चौहान ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये की आर्थिक मदद और घायलों के इलाज का पूरा खर्च उठाने की बात कही है। कलेक्टर आशीष सिंह और एसपी सत्येंद्र शुक्ला और अन्य अधिकारी मृतकों के परिवार को सांत्वना देने गांव पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के नागौर में हुआ भीषण सड़क हादसा अत्यंत दुखद है। सीएम शिवराज ने कहा कि श्रीबालाजी के पास भीषण सड़क हादसे में उज्जैन के 11 भाई- बहनों के असमय निधन का अत्यंत दुखद समाचार प्राप्त हुआ। ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान एवं शोकाकुल परिजनों को यह वज्रपात सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना करता हूं।

### खंभे से टकराकर उड़े ऑडी के परखच्चे, विधायक के बेटे-बहू समेत 7 की मौत

उधर कर्नाटक के बंगलूरू में मंगलवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में तमिलनाडु के होसुर से विधायक वाई. प्रकाश के बेटे-बहू समेत सात की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक कोरमंगला के पास एक तेज रफ्तार ऑडी खंभे से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑडी के परखच्चे तक उड़ गए। डीएमके विधायक वाई. प्रकाश ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि उनके बेटे करुणा सागर व बहू बिंदू की हादसे में मौत हुई है। घटना रात करीब दो बजे की है। कोरमंगला में जो ऑडी कार बिजली के खंभे से टकराई उसमें कुल सात लोग सवार थे, जिसमें चार पुरुष व तीन महिलाएं थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि छह लोगों की तो मौके पर ही मौत हो गई वहीं सातवें ने अस्पताल जाने के दौरान दम तोड़ दिया।

## इंदौर में दंगे की साजिश रचने वाले अल्तमश का तालिबान से भी है कनेक्शन ?



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने कहा है कि इंदौर में जिस अल्तमश को गिरफ्तार किया गया है, उसका पाकिस्तान ही नहीं तालिबान से भी कनेक्शन सामने आया है। कुछ ऐसे साक्ष्य मिले हैं जिससे पता चलता है कि उसकी तालिबानियों से भी बातचीत हुई है। हालांकि मामला अभी जांच में है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ेगी, वैसे-वैसे कई और लोग सामने आएंगे। कांग्रेस के आरोपों को लेकर उन्होंने कहा कि उज्जैन में देश विरोधी नारों के बीच कांग्रेस नेताओं को काजी साहब जिंदाबाद सुना सुनाई देता है। यह हिंदू मुस्लिम का मामला नहीं है। यह देश तोड़ने जैसी घटना है। इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। प्रदेश में बिजली की समस्या स्थायी नहीं है, बिजली संयंत्रों में कोयला की सप्लाई बाधित होने और बारिश की कमी से तकनीकी दिक्कतें आई हैं। सरकार जल्द ही पहले की तरह बिजली की सुचारु आपूर्ति बहाल करने का प्रयास कर रही है।

## रिकॉर्ड तोड़ उछाल, सेंसेक्स पहली बार 57 हजार के पार

**मुंबई।** पिछले सत्र में रिकॉर्ड स्तर पर बंद होने के बाद आज वैश्विक बाजारों से सकारात्मक संकेतों के बीच सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन यानी मंगलवार को दोबारा शेयर बाजार उच्चतम स्तर पर खुला। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स 127.37 अंक (0.22 फीसदी) की तेजी के साथ 57017.13 के स्तर पर खुला। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 39.20 अंकों (0.23 फीसदी) की बढ़त के साथ 16970.20 के स्तर पर खुला। शुरुआती कारोबार में 1298 शेयरों में तेजी आई, 521 शेयरों में गिरावट आई और 87 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 795.40 अंक या 1.43 फीसदी चढ़ा था। पिछले सत्र में कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 56958.27 और निफ्टी ने 16,951.50 के रिकॉर्ड स्तर को छूआ था। विदेशी निवेश लगातार बढ़ रहा है, जिससे घरेलू बाजार में तेजी आई। डॉलर के मुकाबले रुपया भी मजबूत हुआ, साथ ही टीकाकरण से निवेशकों में कोरोना का डर खत्म होता नजर आ रहा है। इसके अलावा जीडीपी और ऑटो बिक्री के अच्छे संकेतों की उम्मीद भी बाजार में उछाल आया। विश्लेषकों के अनुसार इस सप्ताह वृहद आर्थिक आंकड़ों, वाहन बिक्री के आंकड़ों और वैश्विक रुख से घरेलू शेयर बाजारों की दिशा तय होगी। निवेशकों की निगाह टीकाकरण की रफ्तार पर रहेगी।

### एक साल में भारतीय बाजार का सबसे बेहतर रहा प्रदर्शन

वैश्विक बाजारों की तुलना में पछले एक साल में भारतीय शेयर बाजार ने बेहतर प्रद र्शन किया है। निफ्टी ने 45 फीसदी का रिटर्न दिया है। वहीं इस साल जनवरी से लेकर अब तक निफ्टी 19 फीसदी उछला है। मैक्सिको के बाजार ने इस साल 18.97 फीसदी रिटर्न दिया। ताइवान के बाजार ने 15.70 फीसदी, चीन के बाजार ने 1.94 फीसदी और फ्रांस, कोरिया और अमेरिका के बाजारों ने इससे भी कम रिटर्न दिया। एक साल में भारतीय शेयर बाजार का बाजार पूंजीकरण 75 लाख करोड़ रुपये बढ़ा है।

### राहुल के सामने सीएम बघेल की विधायक जुटाकर शक्ति प्रदर्शन की भी तैयारी!

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस में जारी खींचतान और राज्य में नेतृत्व परिवर्तन की चर्चा के बीच पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी जल्द ही प्रदेश का दौरा करेंगे। हाल ही में राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दिल्ली में मुलाकात के दौरान उन्हें छत्तीसगढ़ आने का न्यौता दिया है। बघेल ने राजधानी रायपुर पहुंचते ही राहुल गांधी के दौरे को लेकर तैयारी शुरू कर दी हैं। रायपुर पहुंचने के साथ ही बघेल तैयारियों में जुट गए हैं। उन्होंने सीएम हाउस में बस्तर के विधायकों सहित पार्टी के बड़े नेताओं की बैठक की।

## अमेरिका गया, अफगानिस्तान का अब क्या होगा ?

**काबुल।** अफगानिस्तान में करीब 20 साल तक चले लंबे संघर्ष के बाद अमेरिकी ने अपने सभी सैनिकों को निकालने का काम पूरा कर लिया है और काबुल एयरपोर्ट पर भी अब तालिबान का कब्जा हो चुका है। साल 2001 के बाद ऐसा पहली बार हुआ है, जब अफगानिस्तान में एक भी अमेरिकी सैनिक नहीं है। अमेरिकी ने बीते 2 सप्ताह में काबुल एयरपोर्ट से करीब 114000 से अधिक लोगों को एयरलिफ्ट किया है। लेकिन अफगानिस्तान में अमेरिकी सैन्य अभियान के इस तरह के अंत पर सवाल उठ रहे हैं और इसमें सबसे ज्यादा निशाने पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन हैं। बीते 15 दिन से अफगानिस्तान में तालिबान सरकार बनाने का प्रयास कर



रहा है और अफगानिस्तान की आम जनता संकट व भय में अपना जीवन गुजार रही है। अमेरिकी सेना के जाते ही अब तालिबान का एकतरफा भय व आतंक कायम हो गया है। गौरतलब है कि तालिबान ने अमेरिका को 30 अगस्त तक अफगानिस्तान छोड़ने की धमकी दी थी। अमेरिकी न 14 अगस्त ने अपने नागरिकों और सैनिकों को निकालने के लिए उड़ानें शुरू की थी। 15 अगस्त को जब तालिबान ने अफगानिस्तान की राजधानी पर कब्जा कर लिया था तब बिडेन प्रशासन ने कहा था कि उम्मीद है कि तालिबान अमेरिकी सेना की वापसी और अन्य लोगों को अफगानिस्तान छोड़ने में सुरक्षित मार्ग की अनुमति देना जारी रखेगा।

### क्विक अपडेट

### ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर बोले, प्रदेश में बिजली का संकट नहीं

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने कहा कि प्रदेश में कोई बिजली संकट नहीं है और न ही बिजजी कटौती हो रही है। मध्य प्रदेश में कोई भी विधायक बता दे किसके यहां 18 से 20 घंटे की कटौती हो रही हो मैं खुद मौके पर जाकर देखूंगा। कोई भी विधायक बिजली कटौती के सबूत दे तो तत्काल कार्रवाई की जाएगी। सेवा में कोई कमी रह गई तो मंत्री हो या अधिकारी पद पर नहीं रहेगा। कोयला खदानों में बारिश का पानी भरने और मेंटेनेंस के चलते कहीं-कहीं 1 से 2 घंटे की कटौती की गई थी। बिजली कंपनियों द्वारा कोयला भुगतान नहीं करने से नहीं है प्रदेश में कोयले का संकट। राजस्थान और महाराष्ट्र से बेहतर स्थिति है प्रदेश में ऊर्जा मंत्री ने कहा कि प्रदेश में अब कहीं भी बिजली की कटौती नहीं की जा रही है।

## वर्चुअल क्लास छोड़ डेढ़ साल बाद क्लास में पहुंचेंगे बच्चे



**भोपाल।** करीब डेढ़ साल के कोरोना काल के अवकाश के बाद छठी से आठवीं कक्षा तक के बच्चे बुधवार से एक बार फिर स्कूलों में पहुंचेंगे। राज्य सरकार के आदेश के बाद जिले के लगभग सभी सीबीएसई और एमपी बोर्ड स्कूलों ने इसके लिए तैयारी कर ली है। सरकार की मंशा अनुसार अभी कक्षाओं में केवल 50 प्रतिशत छात्रों को ही अनुमति दी जाएगी।पिछले दिनों मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश में प्राइमरी स्कूल खोलने के आदेश दिए थे, जिसके बाद एक सितंबर से छठवीं से आठवीं तक के स्कूल खोले जाएंगे, जबकि कक्षा पहली से पांचवी तक के बच्चों की स्कूल संभवत 15 सितंबर के बाद खोले जा सकते हैं। इधर मुख्यमंत्री की हरी झंड़ी मिलने के बाद ही स्कूलों ने इस संबंध में तैयारियां शुरू कर दी थी, उन्होंने विद्यार्थियों को स्कूल भेजने के लिए जरूरी पालकों के सहमति पत्र इंटरनेट मीडिया के माध्यम से भेज दिए थे। अधिकांश पालकों ने अपने सहमति पत्र स्कूलों को सौंप दिए हैं। इससे बुधवार से इनकी कक्षाएं लगना प्रारंभ हो जाएगी। हालांकि जो बच्चे स्कूल नहीं आएंगे, उनके लिए आनलाइन क्लासेस चलती रहेगी।

# बड़ी राहत: बीते 24 घंटे में मिले कोरोना के 30 हजार 941 नए केस

**नई दिल्ली।** कोरोना की तासरी लहर की आशंका के बीच मंगलवार को बड़ी राहत की खबर आई है। दरअसल, सोमवार के मुकाबले मंगलवार को कोरोना के मामले लगभग 12000 कम आए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार मंगलवार को बीते 24 घंटे में कोरोना के 30,941 नए मामले आए हैं जबकि 350 लोगों की मौत हो गई। वहीं 36,275 मरीज स्वस्थ होकर घर लौट गए हैं। देश में एक्टिव मरीजों की संख्या 3,70,640 है। वहीं सोमवार को बीते 24 घंटे में 42,909 नए पॉजिटिवि मरीज मिले थे जबकि 380 लोगों की मौत हुई थी। वहीं, 34,763 मरीजों को अस्पताल से छुट्टी दी गई थी।



### केरल को भी बड़ी राहत

केरल में मंगलवार को बीते 24 घंटे में कोरोना के 19,622 मामले सामने आए हैं और 132 लोगों की मौत हो गई। बता दें कि भारत के दो राज्य केरल और महाराष्ट्र में अभी सबसे अधिक पॉजिटिविटी रेट है। केरल के सात जिले (एर्नाकुलम, त्रिशूर, कोझीकोड, पलक्कड़, कोल्लम और कोट्टायम) में रोजाना 2000 से अधिक मामले सामने आ रहे हैं।

### अब तक 64 करोड़ वैक्सीन की खुराक दी गईं

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया, 30 अगस्त तक देशभर में 64 करोड़ 5 लाख 28 हजार कोरोना वैक्सीन की खुराक दी जा चुकी हैं। बीते दिन 59.62 लाख वैक्सीन की खुराक लगाई गईं। वहीं भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसार, अबतक 52 करोड़ 15 लाख कोरोना सैंपल के टेस्ट किए जा चुके हैं। बीते दिन करीब 13.94 लाख कोरोना सैंपल टेस्ट किए गए, जिसका पॉजिटिविटी रेट 4 फीसदी से कम है।

### दंपती को बंधक बना खंगाला घर जाते वक्त 500 रुपये देकर छुए पैर और बोले- 6 महीने में लौटा देंगे पूरा पैसा



**नई दिल्ली।** गाजियाबाद के राजनगर में बुजुर्ग कारोबारी और उनकी पत्नी को बंधक बनाकर लूटपाट करने का एक अजीबोगरीबमामला सामने आया है। राजनगर सेक्टर-9 में पूर्व मेयर आशु वर्मा की कोठी के पास बुजुर्ग दंपती सुरेंद्र वर्मा और उनकी पत्नी अरुणा वर्मा रहते हैं। सोमवार की रात करीब साढ़े तीन बजे चार नकाबपोश हथियारबंद बदमाशों ने गैस कटर से लोहे का गेट काटा और फिर शीशा तोड़कर उनके घर में घुस गए। एक बदमाश के हाथ में तमंचा और तीन बदमाशों के हाथ में चाकू थे। दंपती को बंधक बनाकर बदमाशों ने डेढ़ लाख रुपए और चार लाख के जेवर लूट लिए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची कविनगर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया गया कि लुटेरों ने सारा सामान बांधने के बाद जाने से पहले बुजुर्ग दंपति के पैर छूकर माफी मांगी। उन्होंने कहा कि हमें माफ कर दीजिए। हम छह महीने बाद पैसे और जेवर लौटा देंगे। उन्होंने जाने वक्त दंपति को 500 रुपये भी दिए।




# New Rules: पीएफ से लेकर कार, ओटीटी तक कल से हो रहे कई बड़े बदलाव

**नई दिल्ली।** एक सितंबर 2021 यानी कल से भारत में रुपये-पैसे से जुड़े सात बड़े बदलाव होने जा रहे हैं। इन बदलावों का आपकी जिंदगी पर सीधा असर पड़ेगा। एक ओर जहां इन नए नियमों से आपको राहत मिलेगी, वहीं दूसरी ओर अगर आपने कुछ बातों का ध्यान नहीं रखा, तो आपको आर्थिक नुकसान भी हो सकता है। इन नियमों में बदलाव से आपकी जेब प्रभावित होगी। इसका प्रभाव आपके घर के बजट पर भी पड़ेगा। इसलिए इनके बारे में जानना आपके लिए बेहद आवश्यक है । इन बदलावों में रसोई गैस सिलिंडर के दाम, पीएनबी बचत खातों में मिलने वाला ब्याज, पीएफ का नियम, मारुति की कारें, एक्सिस बैंक का चेक पेमेंट से जुड़ा नियम, जीएसटी और ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार के नियम शामिल हैं। तेल कंपनियां हर महीने एलपीजी सिलिंडर के दामों की समीक्षा करती हैं। हर राज्य में टैक्स अलग-अलग होता है और इसके हिसाब से एलपीजी के दामों में अंतर होता है। इसकी कीमत औसत अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क और विदेशी विनिमय दरों में बदलाव जैसे कारक निर्धारित करते हैं। सितंबर से घरेलू रसो गैस सिलिंडर का दाम बदल जाएगा। अगस्त में कंपनियों ने 14.2 किलोग्राम वाले एलपीजी रसोई गैस सिलिंडर की कीमत में 25 रुपये का इजाफा किया था। वहीं 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल गैस की कीमत में 68 रुपये का इजाफा हुआ था। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने अपने खाताधारकों के लिए नियमों में कुछ बदलाव किया है। आप इस बदलाव को ध्यान से समझ लें क्योंकि आप पर इसका सीधा असर पड़ेगा। ईपीएफओ के नए नियम के अनुसार एक सितंबर 2021 से प्रत्येक खाताधारक का पीएफ खाता आधार कार्ड से लिंक अनिवार्य है। एक सितंबर 2021 से पंजाब नेशनल बैंक बचत खाते में जमा पर ब्याज दर में कटौती करने जा रहा है। बैंक की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, नई ब्याज दर पीएनबी के मौजूदा और नए दोनों बचत खातों पर लागू होगी। नई ब्याज दर सालाना 2.90 फीसदी होगी। बढ़ते फ्रॉड को ध्यान में रखते हुए एक्सिस बैंक ग्राहकों के लिए चेक पेमेंट से जुड़े नियम में बड़ा बदलाव करने जा रहा है। पॉजिटिव पे सिस्टम के तहत चेक जारी करने वाले व्यक्ति को अपने बैंक को अपने चेक की जानकारी भी भेजनी होगी। सितंबर से ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार का सब्सक्रिप्शन महंगा होने जा रहा है। ग्राहकों को बेस प्लान के लिए 399 रुपये नहीं, बल्कि 499 रुपये चुकाने होंगे। 899 रुपये में ग्राहकों को दो फोन में एप चलाने की अनुमति मिलेगी। इनपुट कॉस्ट लगातार बढ़ने की वजह से मारुति सितंबर से सभी मॉडल की कीमतें बढ़ाने जा रही है। कंपनी ने रेगुलेटरी फाइलिंग में कहा कि पिछले एक साल में विभिन्न इनपुट लागतों में वृद्धि के कारण मारुति के वाहनों की लागत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।



## रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर प्रीमियर बेवीनार में शामिल हुए युवा वकील वरूण तन्खा, युवाओं को किया प्रेरित

# वरूण ने दिये देशभक्ति और समाज सेवा के मंत्र

**जबलपुर। रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर प्रीमियर द्वारा आयोजित बेविनार में युवाओं को डिफेंस सर्विस से जोड़ने के लिए आर्मी अधिकारियों व कम उम्र में बड़ी उपलिब्धि हासिल कर चुके युवाओं द्वारा अपने वक्तव्य रखे गए। रोटरी क्लब जबलपुर प्रीमियर के प्रेसिडेंट वरूण तन्खा ने कहा कि यह हमारा पहला बेविनार है जो कि यूथ को डिफेंस सर्विस में कनेक्ट करेगा। युवा इसके जरिए मोटिवेट होंगे।** कार्यक्रम में प्रश्न उत्तर राउंड चला। बेवीनार में रोटरी के डिफेंस गवर्नर सुनील पाठक ने कहा कि देश सेवा के लिए जोश चाहिए। यदि देश सेवा करना चाहते हैं तो खुद को नशे से दूर रखें और मानसिक, शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रखें। देहरादून से ई क्लब दून के सेक्रेटरी डेसमंड डिमोन्टे ने विचार रखे। एक फौजी के लिए सबसे



पहले धरमी मां है। आर्मी में सैलरी की सोच रखते हुए नहीं बल्कि देश का जज्बा लेकर आएं क्योंकि एक सैनिक देश के सम्मान और यूनिट के लिए लड़ता है। यह नौकरी देश सेवा का अवसर भी देती है। यह बात रोटरी क्लब जबलपुर प्रीमियर एवं रोटरी क्लब 3080 द्वारा संयुक्त रूप से हुए बेवीनार डिफेंस सर्विसेज एन ओशन ऑफ अपॉर्चुनिटीश् में गेस्ट और स्पीकर कमांडर इन चीफ अंडमान एवं निकोबार कमांड ले. जनरल अजय सिंह ने कही। गेस्ट और स्पीकर वॉइस एडमिरल डीके त्रिपाठी, चीफ ऑफ पर्सनल, इंडियन नेवी ने कहा कि नौसेना समुद्र में काम करते हैं समुद्र हमारे देश का समृद्धि के लिए जरूरी है। नेवी में एजुकेशन, मेडिकल, तकनीकी, लॉ ऑफिसर जैसी कई पोस्ट हैं। यानी कि नेवी में करियर के ढेरों विकल्प हैं। वह दिन दूर नहीं जब आप में से कुछ लोग हमारे जहाज की कमान संभालेंगे। नेवी में हार्ड वर्क और अनुशासन जरूरी होता है। लेफिटेनेंट जनरल ने कहा कि आर्मी ज्वाइन करना चाहते हैं तो इंटरनेट का सहारा लें। कैसे आर्मी, नेवी, एयरफोर्स जॉइन कर सकते हैं इसके लिए कुछ बेवसाइट हैं जिनमें बेहतर सूचनाएं मिल सकती हैं। कुछ ऐप हैं जैसे जॉइन इंडियन आर्मी, माय इंडियन आर्मी। इसे डाउनलोड कीजिए बहुत से प्रश्नों के जबाव मिलेंगे।

## रासलीला के साथ फूलों की होली



# मेट्रो अस्पताल में धूमधाम से मनाई गई जन्माष्टमी

**जबलपुर।** संस्कारधानी के मेट्रो हॉस्पिटल में धूमधाम के साथ कृष्ण जन्म उत्सव मनाया गया इस अवसर पर शंभू दयाल बड़ेरिया, श्रीमती आशा बड़ेरिया, डॉ. राजीव बड़ेरिया, सौरभ बड़ेरिया, श्रीमती अनीता बड़ेरिया, सोनिया बड़ेरिया की उपस्थिति प्रमुख रही । पूरे विधिविधान के साथ पूजन अर्चन के उपरांत माँ नर्मदा म्युजिकल ग्रुप ने भव्य कृष्ण भजन की प्रस्तुति दी । गुणगायक विष्णु सोनी, मनोज चोरसिया, अनु मलिक के भक्ति गीतों की धूम मध्य रात्रि तक रही। वहीं अस्पताल के प्रमुख लोगों में आशुतोष नगोरिया,सौरभ वर्मा, मयूर, अभिलाष, सचिन आदि उपस्थित थे।

## एग्री क्लीनिक एण्ड एग्रीबिजनेस सेन्टर हेतु व्यावसायिक

# प्रशिक्षण हेतु साक्षात्कार 4 सितम्बर को

**जबलपुर ।** राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान मैनेज हैदराबाद द्वारा 45 दिवसीय नि:षुल्क रहवासीय एग्री क्लीनिक एण्ड एग्रीबिजनेस सेन्टर ;एण्सीएण्डणएण्बीण्सीद्ध व्यावसायिक प्रशिक्षण भोपाल में में आयोजित जा रहा हैए जिसमें हितग्राहियों के चयन हेतु 4 सितम्बर को साक्षात्कार आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण पश्चात आवेदकों को खाद्य प्रसंस्करणए दुग्ध उत्पादनए एग्री क्लीनिकए कस्टम हायरिंगए पॉली हाउसए पशुपालनए पोल्ट्री सहित 32 चिन्हित गतिविधियों हेतु अधिकतम 20 लाख रूपये ऋण एवं नियमानुसार 36 से 44 प्रतिशत तक अनुदान की पात्रता रहेगी। कृषि संकाय में 55 प्रतिशत अंको के साथ हायर सेकन्डरी अथवा उच्च शिक्षा न्यूनतम पात्रता है। नवीन दिशानिर्देशों के अनुसार बीणएसण्सी वनस्पति विज्ञानए प्राणिविज्ञानए रसायन विज्ञान से उत्तीर्ण युवा भी आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी हेतु नोडल अधिकारी उद्यमिता विकास केन्द्र मध्यप्रदेश ;सेडमैपद्ध से दूरभाष क्रमांक 0755-4000907 पर कार्यालयीन में संपर्क कर सकते हैं।

## रेलयात्री में सुविधाएं एवं माल भाड़ा में आधुनिक सुविधाओं की ओर अग्रसर पमरे

# जबलपुर मंडल की बरगवां कोल साइडिंग का उन्नयन

**जबलपुर यश भारत ।पश्चिम मध्य रेल प्रशासन जहां एक और रेलवे आय और यात्री सुविधाओ में नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा हैं, वहीं अपने ग्राहकों को भी आधुनिक एवं उन्नत सुविधाएं प्रदान करने हेतु तत्पर रहता है।**

यात्री सुविधाओं के साथ-साथ रेलवे अपने माल भाड़ा ग्राहकों को भी आधुनिक सुविधाएं प्रदान करने की कोशिश करता रहता है। इसी तारतम्य में पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल में कटनी-सिंगरौली खंड पर स्थित बरगवां कोल साइडिंग नंबर 2 का उन्नयन किया गया है, जिससे कोयला का लदान-उतरान सुविधाजनक तरीके से हो सकें। इस साइडिंग में उचित संघनन के साथ मिट्टी को ठीक कर सतह का समतलीकरण किया गया है। साइटिंग में डब्ल्यूबीएम का कार्य किया गया है।* इस साइडिंग में रेलवे ट्रैक से निकले अनुपयोगी मोनो ब्लाक कोंक्रिट स्लीपर का उपयोग किया गया है, जिसे ब्लैक डस्ट की सहायता से उचित फीलिंग कर लगाया गया है, इससे सरफेस समतल और मजबूत हुआ है। * समतलीकरण कार्य की लंबाई 647 मीटर है और चौड़ाई 10 मीटर है। पूर्व में बरसात के समय में कोयले की लोडिंग एवं अनलोडिंग में मुश्किल हुआ करती थी मगर अब इस समतलीकरण से माल का लदान-उतरान सुविधाजनक तरीकों से हो सकेगा। इस कोल साइडिंग में सुधार से रेलवे की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी।



## डाक्टरों के परामर्श के बाद भी जांचें नहीं

# ओ एफ के अस्पताल में लेब टेक्नीशियन की मनमानी

**जबलपुर यशभारत।** इन दिनों जब पूरे शहर में डेंगू मलेरिया आदि रोग कहर बरपा रहा है ।तब खमरिया अस्पताल में पदस्थ लेब टेक्नीशियन डाक्टरों के परामर्श और निर्देश के बाद भी मरीजों की जांच नहीं कर रहा है और मरीजों से बदसलूकी कर रहा है ।लेब टेक्नीशियन की मनमानी और दुर्व्यवहार की शिकायत लेबर यूनियन के अस्पताल के प्रभारी प्रधान चिकित्सा अधिकारी से करते हुए पत्र लिखकर चेतावनी दी है कि यदि लेब टेक्नीशियन अपने व्यवहार में बदलाव नहीं लाता है और मरीजों की जांच नहीं करता एवं दुर्व्यवहार जारी रखता है तो उसके खिलाफ क?ी कार्यवाही करे अन्यथा अस्पताल प्रभारी आंदोलन झेलने के लिए तैयार रहें। लेबर यूनियन के महासचिव अर्नव दास ने पत्र में कहा है कि कानपुर से ऐसी ही शिकायतों के चलते विकास गर्ग लेब टेक्नीशियन को खमरिया अस्पताल स्थानांतरित किया गया है ।लेकिन यहां भी उसकी गतिविधियों में परिवर्तन नहीं आया है रविवार को भी उसने डाक्टरों के निर्देश के बाद भी मरीजों की जांचें नहीं की और उन्हें दुत्कार कर भगा दिया जो घोर आपत्तिजनक तो है कि मरीजों को काफी तकलीफ देने वाला है ।लिहाजा उसे चेतावनी देते हुए मरीजों की जांचें करने और व्यवहार में बदलाव लाने की हिदायत दी जाए वरना अस्पताल प्रभारी आंदोलन झेलने तैयार रहे।

### वाहन निर्माणी हॉस्पिटल, में भी जांचों का टोटा

वाहन निर्माणी हॉस्पिटल में भी विगत 1 माह से होने वाली सामान्य जांचे जैसे सी बी सी डेंगू औरमलेरिया, जैसी सामान्य जांचे बंद है ।बताया जाता है कि कारण जानने पर पता चला है कि पैसों की कमी के कारण सारी जांचों में लगने वाली किट नही आ पा रही है ।जिसका खामियाजा वाहन निर्माणी एवं जी आई एफ के कर्मचारियों और उनके आश्रितों को भुगतना प? रहा है ।वही हॉस्पिटल प्रशासन जांचें न होने का कारण न जानने पर मौन रूप धारण किये हुए है ।जी आई एफ मजदूर यूनियन ने इस पर घोर आपत्ति जताते हुए कहा है कि जहाँ वर्तमान में कोविड और डेंगू जैसी ब?ी बीमारिया अपने पैर पसार रही है ऐसी स्थिति के बावजूद व्ही एफ जे प्रशासन और हॉस्पिटल प्रशासन मूक बधिर बना हुआ है। जो दुर्भाग्यपूर्ण है ।लिहाजा अविलंब अस्पताल में जांच किट उपलब्ध कराई जाए।

## धूमधाम से मनाई गई जन्माष्टमी



**जबलपुर।** शहर में जगह जगह बच्चों द्वारा मनमोहक झांकियां रखकर धूमधाम से जन्माष्टमी मनाई गई।

# शिवम तिवारी बने युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष

## भोपाल के दबदबे के बीच जिले को मिला इकलौता पद

**जबलपुर यश भारत।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की कार्यकारिणी सोमवार को घोषित की गई, जिसमें जबलपुर जिले से शिवम तिवारी को प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। वे इसके पहले प्रदेश मीडिया प्रभारी की भूमिका में थे जिसे इस बार और बड़ी जिम्मेदारी देते हुए उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जानकारी के मुताबिक प्रदेश की सूची में सबसे ज्यादा नाम भोपाल से हैं। जिसमें शिवम तिवारी इकलौते जिले से पदाधिकारी हैं। यदि यह नाम नहीं होता तो प्रदेश सरकार के बाद युवा मोर्चे में भी जिले का कोई प्रतिनिधि नहीं रहता। उनकी नियुक्ति पर वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ साथी कार्यकर्ताओं ने भी खुशी जाहिर की है।



### दिखाई थी ताकत

विगत दिनों भारतीय जनता पार्टी युवामोर्चा प्रदेश अध्यक्ष वैभव पंवार के नगर आगमन के दौरान उन्होंने अपनी पूरी टीम के साथ उनका भव्य स्वागत किया था और उस दौरान हुए आयोजनों को सफल बनाने के लिए पूरी ताकत झौंक दी थी। जिसके चलते उन्हें पदोन्नति के साथ बड़ी जिम्मेदारी मिली है। हालांकि जबलपुर के साथ-साथ प्रदेश संगठन और केंद्रीय नेताओं के साथ भी उनका अच्छा तालमेल है, जिसका फायदा भी उन्हें मिलता रहता है। लेकिन इन सबके पीछे सबसे महत्वपूर्ण कारण पिछले कार्यकाल के दौरान किए गए उनके कार्य हैं, जिसके चलते उन्हें फिरसे स्थान मिला है।

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

ADMISSION OPEN
भारतीय ITI
Affiliated By DGET & NCVT (Govt. Of India)
ISO CERTIFIED
ESTD 1990
ELECTRICIAN 2 Year Engg. Trade
FITTER
FREE ONLINE REGISTRATION
Sharda Chowk (Infront of Chourasiya Hotel) Madan Mahal, Jabalpur
Ph. : 0761-4003860, 9425162863, 9425150550, 7974960286

# शंकर व्याख्यान माला में क्षेत्र और क्षेत्र विषय पर व्याख्यान

**जबलपुर ।** संस्कृति विभाग के आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास द्वारा शंकर व्याख्यानमाला के पैंतीसवें पुष्प का ऑनलाइन आयोजन किया गया। इस आयोजन में आर्ष गुरुकुलम् के आचार्य स्वामी साक्षात्कृतानन्द सरस्वती जी ने क्षेत्र और क्षेत्रज्ञ विषय पर व्याख्यान दिया। स्वामीजी ने श्रीमद्भगवद्गीता के माध्यम से बताया कि यह शरीर ही क्षेत्र होता है और इस क्षेत्र के ज्ञाता को ही क्षेत्रज्ञ कहते हैं। आत्मा चरण से लेकर मस्तिष्क पर्यन्त समग्र शरीर को स्वाभाविक तथा विभागपूर्वक स्पष्टत: जानता हैए अतरू उसे ही क्षेत्रज्ञ कहा गया है। क्षेत्र.क्षेत्रज्ञ की व्याख्या करते हुए स्वामी जी ने कहा कि योगेश्वर श्रीकृष्ण ही सब क्षेत्रों में क्षेत्रज्ञ हैं तथा क्षेत्र.क्षेत्रज्ञ का विभाजन और तत्त्वत: उनकी जानकारी का नाम ही ज्ञान है अर्थात् स्थूलए सूक्ष्मए कारण तीनों शरीरों का निरोध और उस परम पुरुष की प्रत्यक्ष अनुभूति का नाम ही ज्ञान है। इस क्षेत्र का पार पाकर उस शाश्वत पुरुषए परमतत्त्व की अनुभूति और उसमें स्थिति होती है।

DS44 रिटेल एवं होलसेल
फिक्स रेट शॉप
जीन्स 375/- लोवर 199/-
शर्ट 249/- टी-शर्ट 199/-
सम्पर्क 9109244144
पता- जबलपुर तुलाराम चौक स्टेट बैंक के आगे आनंद रेडियो के बाजू से

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
आसान किस्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010

Pure & Tasty AK's Special
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
मो. 9827681910
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना | मुरमुरा
बोल्ड चना | केला चिप्स
बोल्ड पीनट | मसाला चना
ड्राय मेल | चना जौर गर्म
प्रियदर्शनी एवं सेवा केन्द्र मढ़ाताल में उपलब्ध
होम डिलेवरी के लिए अनुभवी लड़कों की जरूरत है

योगमणि इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जामदार हॉस्पिटल जबलपुर
भारतीय नर्सिंग कॉन्सिल व म.प्र. नर्सिंग काउंसिल से मान्यता प्राप्त, तथा म.प्र. मेडिकल यूनिवर्सिटी से संबंद्ध
सीमित स्थान | नर्सिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर | प्रवेश प्रारंभ
B.Sc. NURSING — 4 वर्षीय पाठ्यक्रम, प्रवेश योग्यता - 10+2 जीव विज्ञान से (45% अंकों के साथ)
Post Basic B.Sc. Nursing — 2 वर्षीय पाठ्यक्रम, प्रवेश योग्यता - GNM Pass
GNM — 3 वर्षीय पाठ्यक्रम, प्रवेश योग्यता - 10+2 किसी भी विषय से (40% अंकों के साथ)
तत्काल रोजगार — शासकीय मेडिकल अस्पताल CHC, PHC, AIIMS, Raiway, ESIC PGI, जिला अस्पताल, अन्य सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं प्राइवेट अस्पताल में रोजगार की अपार संभावना
SC/ST/OBC छात्रों को सरकारी नियमानुसार 100% तक छात्रवृत्ति
प्रतिभा सम्मान योजना
कक्षा 12 वीं में, 75% से अधिक अंक प्राप्त छात्रों को फीस में भारी छूट
योगमणि इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
198/2, रैगवा, वार्ड नं. 72, अरिहंत वेयर हाउस के पीछे, पाटन बायपास चौक के पास, जबलपुर
मो.: 9926812233, ई-मेल: yogmaniinstituteofnursing@gmail.com
8989220333, 8989228333, 9340232133

### हाई मैग्नेटिक चिकित्सा पद्धति द्वारा कर रहा इलाज

# बरसों की तकलीफ मात्र 5 मिनट में दूर

## विधायक इन्दु तिवारी ने जबलपुरवासियों की समस्या हल कराने दिल्ली से बुलाया डॉ. गर्ग को



जबलपुर, यशभारत। व्यवस्थित भोजन और खड़े होकर पिए पानी इसके साथ ही अनियमित दिनचर्या, बढ़ता तनाव, खानपान में गड़बड़ी और लंबे समय तक एक ही जगह गलत पॉश्चर में बैठना कई रोगों का कारण बनता है। इसमें विशेषकर कमर, कंधे और हाथ-पैरों का दर्द खास है। ऐसे में व्यक्ति के इन्हें नजरअंदाज करने या फिर अनियमित रूप से एंटीबायोटिक, दर्दनिवारक लेने से स्थिति ज्यादा बिगड़ जाती है।यह कहना है दिल्ली से जबलपुर पधारे मशहूर सुजॉय एक्यूप्रेशर एंड मैग्नेटिक चिकित्सा के संस्थापक डॉ एसके गर्ग का जिसमें यशभारत के मशहूर कार्यक्रम सरोकार में आज हमने चर्चा की

### ताकि मिल सके जबलपुर वासियों को लाभ

डॉक्टर गर्ग से जबलपुर आगमन के बारे में जब पूछा तो उन्होंने बताया कि पनागर विधायक इंदु तिवारी भोपाल में शारीरिक समस्या से परेशान थे और मेरे द्वारा मैग्नेटिक चिकित्सा पद्धति से उन्हें आराम मिला। इसके बाद श्री तिवारी ने तय किया कि वह जबलपुर वासियों को भी इस चिकित्सा पद्धति के माध्यम से लाभ दिलवागें और विधायक इंदु तिवारी द्वारा डॉ गर्ग को जबलपुर आगमन का आमंत्रण दिया जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया

### मशहूर हस्तियों का किया इलाज

श्री गर्ग से जब हमने मैग्नेटिक चिकित्सा पद्धति का लाभ लेने वाली मशहूर हस्तियों के विषय में पूछा तो उन्होंने बताया कि पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव. डॉ बलराम जाखड़ और ज्योतिरादित्य सिंधिया जैसी हस्तियों का इलाज उनके द्वारा किया गया है। कपिल देव को जहां लिगामेंट की समस्या थी तो वही ज्योतिरादित्य सिंधिया टेनिस एल्बो से परेशान थे. जिन्हें इलाज के बाद बहुत जल्द ही आराम मिल गया।

### वर्तमान में ज्यादा प्रयोग

आयुर्वेद में सुजोक, चाइनीज एक्यूप्रेशर और रिफ्लैक्सोलॉजी तकनीकों के अलावा इन दिनों मैग्नेट थैरेपी को खासतौर पर प्रयोग किया जा रहा है। इसमें बिना दर्द व तकलीफ के चिकित्सा होती है। साथ ही इससे कोई दुष्प्रभाव भी नहीं होता।

### असर

10 प्रतिशत रोगियों में इस चिकित्सा से रोग की गंभीरता कम हो जाती है।12 फीसदी मामलों में मैग्नेट थैरेपी से सर्जरी की आशंका तक घट जाती है।

### जीभ की जांच जरूरी

मैग्नेट थैरेपी में रोगी की जीभ देखकर इलाज का स्तर तय होता है। जीभ का आगे वाला हिस्सा हृदय, बायां हिस्सा लीवर, दायां भाग गॉलब्लैडर, बीच का भाग पेट, स्प्लीन व पेन्क्रियाज और पिछला भाग ब्लैडर, यूट्रस और किडनी का होता है। इन हिस्सों की आकृति, रंग, इस पर चढ़ी परत, लंबाई, नमी, सूजन, इस पर दांत का निशान आदि देखकर पता लगाते हैं कि शरीर के किस भाग में तकलीफ है। इसी के आधार पर मरीज का इलाज करते हैं।

### ऐसे होता इलाज

शरीर में ऊर्जा के असंतुलन से ही विभिन्न रोग पैदा होते हैं। मेग्नेट थैरेपी में विभिन्न अंगों पर मौजूद ऊर्जा मार्गों पर स्थित बिंदुओं पर अलग-अलग आकार के मैग्नेट को कुछ समय के लिए टेप से चिपका देते हैं। इस चुंबकीय प्रभाव से ये बिंदु जागृत हो जाते हैं जिससे ऊर्जा का संचार सुचारू होता है और इम्यूनिटी बढ़ती है। बार-बार इन ऊर्जा बिंदुओं पर मैग्नेट रखने से परेशानी जड़ से खत्म हो सकती है।

### इनमें फायदेमंद

कंधे, कोहनी में दर्द व खिंचाव के अलावा सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस, कमर, घुटने, टखना, एड़ी में दर्द, सायटिका, स्लिप डिस्क, सिरदर्द, भूख न लगना, खट्टी डकारें, कब्ज, पाचन संबंधी रोग, थायरॉइड, हाई ब्लड प्रेशर व डायबिटीज जैसे रोगों में काफी फायदा होता है।

### इन्हें मिला लाभ



70 वर्षीय चंद्रा अवस्थी बताती है कि पूर्व में वे अपने घुटनों की समस्या से परेशान थी। हालत यह थी कि वह चल फिर भी नहीं पाती थी। लेकिन डॉक्टर गर्ग के इलाज के बाद अब वे अपने सारे दैनिक काम अपने पैरों पर चल कर करती हैं। इसके लिए उन्हें वॉकर या अन्य किसी की मदद की जरूरत नहीं है।

### 5 मिनट में सर्वाइकल खत्म



चित्रकूट से आए वरुण अवस्थी कहते हैं कि उन्हें विगत 2 वर्षों से सर्वाइकल की समस्या थी। जिसके कारण काफी दर्द सहना पड़ता था। यहां तक की कई चिकित्सकों से इलाज करवाने के बावजूद भी कोई आराम नहीं मिला। फिर डॉक्टर गर्ग के विषय में जानकारी लगी और उनसे मिलने पर उन्होंने मेरा इलाज किया। आश्चर्यजनक रूप से मेरी सर्वाइकल की समस्या मात्र 5 मिनट में ही खत्म हो गई।



# केन्द्रीय जेल जबलपुर में मनाई गई कृष्ण जन्माष्टमी

**जबलपुर। नेताजी सुभाषचन्द्र बोस, केन्द्रीय जेल जबलपुर में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम, नई दिल्ली द्वारा शुरू किया गया प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत जन्माष्टमी पर एक नया अध्याय और जुड़ गया। जिसमें बंदियों के लिये स्पेशल जेल प्रोजेक्ट के अंतर्गत वेज इम्पलॉयमेंट फॉर इनमेट्स की शुरूआत की गई।**

इस उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि मनोहर वर्मा, सेवानिवृत्त डी.आई.जी. सपत्नीक उपस्थित रहे तथा राष्ट्रीय कौशल विकास निगम, नई दिल्ली के प्रतिनिधि के रूप में सुश्री बिन्दु बादल उपस्थित रहीं। विदित हो कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत प्रारंभ किये गये । इस कार्यक्रम का विस्तार करते हुए केन्द्रीय जेल जबलपुर में 1000 बंदी, केन्द्रीय जेल सतना में 500 बंदी एवं केन्द्रीय जेल रीवा में 500 बंदियों के प्रशिक्षण का प्रस्ताव भेजा जा चुका है। पुनर्नवीनीकरण कर वस्तुओं को ब्राण्ड-नेम देकर जेल आउटलेट व ई-कॉमर्स प्लेटफार्म द्वारा उचित मूल्य में बेचा जायेगा। इससे बंदियों

**बंदियों के लिये स्वरोजगार हेतु स्पेशल प्रोजेक्ट की शुरूआत**

को जेल के अंदर व जेल के बाहर स्वरोजगार एवं बंदियों की पुनर्स्थापना में सहायता मिलेगी और जेल विभाग भी लाभान्वित होगा। इसकी शुरूआत बिजली के बोर्ड और उसमें स्विच वायरिंग कर कान्हा ब्राण्ड के नाम से की जा रही है तथा आने वाले दिनों में इसका विस्तार बिजली के पंखे, एल.ई.डी. टी.व्ही. इत्यादि में किया जायेगा। इसका प्रशिक्षण राष्ट्रीय कौशल विकास निगम नई दिल्ली द्वारा दिया जा रहा है। इसमें उन्हीं बंदियों को शामिल किया जा रहा है जो प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं।

### भजन कीर्तन एवं झांकियां

जेल में कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर बंदियों द्वारा निर्मित झाँकी तथा भजन-कीर्तन से सम्पूर्ण जेल का वातावरण श्रीकृष्णमय हो गया। इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए सेवानिवृत्त डी.आई.जी. मनोहर वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि- इस जेल में जेल अधीक्षक श्री ताम्रकार द्वारा बंदियों के हितार्थ चलाये जा रहे इस कौशल उन्नयन कार्यक्रम का बंदियों के केवल रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का अवसर नहीं बनेगा अपितु उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाकर अच्छे आचरण की ओर प्रेरित करेगा।

### जहां देखो वहीं अवर्षा की चर्चा किसानों पर छाए संकट के बादल

# ..हे मालिक अब तो रहम कर सूखने लगी लहलहाती फसलें





***जबलपुर यश भारत।** सूर्यदेव की तपिश बढ़ते ही गर्मी ने विकराल रुप धारण कर लिया है। चिपचिपी गर्मी व तल्ख धूप से जीना भी दूभर हो गया है। मौसम की मार से धान सूखने के कगार पर पहुंच गयी है। खेतों में सूख रहे धान की फसल को कैसे बचाया जाए यह चिंता किसानों को सताए जा रही है अवर्षा की स्थिति से किसान अब कहने लगे हैं कि हे मालिक अब तो रहम कर खेतों में लगी धान की फसलें मुरझाने लगी है किसानों के माथे पर इन दिनों एक ही चिंता है वह अपनी फसल को सूखने से कैसे बचाएं आसमान की ओर टकटकी लगाए दिन रात पानी गिरने की उम्मीद लगाए बैठा हुआ है इसके साथ ही मौसम की बेरुखी से संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

### *संक्रमित बीमारियों का खतरा भी बढा

तीखी धूप के बीच सूर्यदेव की किरणों ने आग बरसाना शुरू किया तो लोग उफ उमस, हाय रे गर्मी बोलते हुए पंखों की शरण में जाने को विवश होने लगे। धूप में पड़ते ही लोग पसीने से तरबतर होकर परेशानी बंया करते रहे। उमस भरी गर्मी में अघोषित बिजली कटौती आग में घी डालने का काम कर रही है। आसमान में मडरा रहे बादल उमस बढ़ाने का काम कर रहे हैं। रात्रि बिजली कटौती से लोगों की नींद हराम हो गई है। रात में बत्ती गुल होते ही मच्छरों की डंक व उमस से बेहाल हुए लोग बिस्तर छोड़ने पर विवश हो जा रहे हैं। गड्ढों में जमा दूषित पानी से मच्छरों की भरमार हो गई है जो संक्राम बीमारियां फैलाने में सक्रिय भूमिका निभा रही है। भीषण गर्मी से बेचैन हुए लोग चकरा जा रहे हैं। जिले का सरकारी अस्पताल हो या फिर निजी संक्रमित बीमारियों से पीड़ित मरीजों में इजाफा होता जा रहा है। ओपीडी खुलने के पूर्व ही मरीजों की लंबी कतार लग जा रही है।

### सूखे का संकेत दे रही हो ओस

धान की खेती करने वाले कृषकों को सूखे की चिंता सताए जा रही है। रात में पड़ रही ओस सूखे का संकेत देने लगी है। सूर्यदेव की तपिश से धान की खेतों में से नमी उड़ने लगी है। पानी के अभाव में धान के पौधे झूलसकर पीले पड़ने लगे हैं। धान फसल को कैसे बचाया जाए यह चिंता किसानों को सताए जा रही है। नहर से सटे किसान तो धान की सिंचाई कर ले रहे हैं जबकि नलकूप पर निर्भर रहने वाले कृषक भरायी के लिए दर-दर की ठोकरें खाते फिर रहे हैं।

### *फसल बचाने की चिंता

अवर्षा के चलते खेती किसानी पर बुरा असर प? रहा है। वहीं कई गांव के तालाब सूखने की स्थिति में हैं। किसान जहां फसल बचाने की चिंता में हैं, वहीं लोग अभी से ग्रीष्मकाल में निस्तार की समस्या की आशंका जता रहे हैं। जिले में यदि इस पखवा? में बारिश नहीं हुई तो खेती के लिए स्थिति गंभीर हो सकती है।

### खेतों में पड़ी दरारें

अवर्षा से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें दिखाई देने लगी है। साधन संपन्ना किसानों की खेती का कार्य तो चल रहा है लेकिन मौसम के भरोसे खेती करने वाले किसान फसल को बचाने की जद्दोजहद में लगे हुए हैं। खेतों में दरारें प? गई और धान के पौधे सूख कर पीले पड़ रहे हैं।

### सिकमी खेती करने वाले किसान और भी चिंतित

वर्तमान में जिस तरह से चारों ओर पानी की त्राहि-त्राहि मची हुई है किसान के माथे पर चिंता की लकीरें स्पष्ट दिखाई दे रही है मौसम में बेरुखी होने के कारण उन किसानों को तो और अधिक चिंता सता रही है जिन्होंने दूसरे की जमीन को 25.30 और 35 हजार रुपए एकड सिकमी लेकर खेती कर रहे हालात यही रहे तो स्थिति बहुत ही खराब हो जाएगी/



# बांस से लदे वाहन ने बाइक सवार को कुचला

जबलपुर, यशभारत। तिलवारा के पास आज सुबह करीब 11 बजे बांस से लदे छोटे हाथी के चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे एक की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं दो अन्य घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर बरगी विधायक संजय यादव ने पुलिस को सूचित किया और घायलों को मेडिकल पहुंचाया। वहीं, दुर्घटना के बाद लोगों का घटनास्थल पर भारी हुजूम लग गया था और दोनों तरफ जाम की स्थिति निर्मित हो गयी। जिसके बाद पुलिस और राहगीरों ने सड़क में बिखरे पड़े बांसों को सड़क से हटाकर मार्ग खुलवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि छोटा हाथी क्रमांक एमपी 20 एल 2680 का चालक कटे हुए बांस लादकर जा रहा था, तभी छोटा हाथी के चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी।। जिससे बाइक सवार की दुर्घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। वहीं दो अन्य घायल हुए है।

**तिलवारा में भीषण सड़क हादसा, एक की मौत , दो घायल**

### नागरथ चौक में हुई चैकिंग देख भागे वाहन सवार

# हेलमेट, वाहनों के बीमा न होने पर किया जुर्माना



**जबलपुर, यशभारत। आज ओमती के नागरथ चौक में लोगों को ट्रेफिक सुव्यस्थित करने के उद्देश्य से आज पुलिस ने यातायात नियमों की क्लास लगाई और लोगों यातायात नियमों की जानकारी देते हुए जुर्माना वसूला।**

जहां दो व चार पहिया वाहनों को रोककर उनके दस्तावेज मांगे गए। सुबह करीब 11.45 बजे शुरु हुई कार्रवाई में करीब 100 वाहन चालकों के मौके पर ही चालान काटे गए। जिसमें हेलमेट और बगैर बीमा के वाहन को सड़क पर दौड़ाने के सबसे अधिक चालान काटे गए। ओमती एसआई सतीश झारिया ने बताया कि आज नागरथ चौक में लोगों को यातायात के प्रति जागरुक करने के लिए सड़क से गुजर रहे हर एक वाहन को रोककर उनके दस्तावेज पूछे गए इसके साथ ही नियम विरुद्ध वाहन चलाने पर जुर्माना लगाया गया।

### ऐसे लगता है जुर्माना

- हेलमेट ना लगाने पर - 500 रुपए
- वाहन चलाते समय मोबाइल में बात करने पर - 500
- सीट बेल्ट ना बांधने पर -500
- बिना बीमा के दो पहिया वाहन चालक को -1000
- बिना बीमा के फोर व्हीलर चालक को -2000
- बिना लायसेंस के वाहन चलाने पर-1000

# नहाते समय बन गई जल समाधि

**जबलपुर, यशभारत।** कुंडम के दर गढ़ जलाशय में आज एक किन्नर का उतराता हुआ शव मिला। वहां दूसरी तरफ नहा रहे लोगों ने जब शव देखा तो आवक रह गये । जिसके बाद वहां ग्रामीणों का भारी जमावड़ा लग गया। वहीं ग्राम के सरपंच ने पुलिस को खबर दी। पुलिस ने मर्ग कामय कर, मामला जांच में लिया है। कुंडम थाना प्रभारी प्रताप सिंह मरकाम ने जानकारी देते हुए बताया ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा सूचना दी गई कि बरगढ़ जलाशय में एक अज्ञात लाश दिखाई दे रही है। जिसकी उम्र करीब 50 वर्ष है। लोगों ने बताया कि दूसरी तरफ शायद यह नहाने आया था और जलाशय में समा गया। जिसकी वहीं जल समाधि बन गयी। पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ की लेकिन अभी तक अज्ञात की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

# अब केवल ऑनलाइन हो रहा सहकारी समितियों का पंजीयन



**जबलपुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में सहकारी समितियों का पंजीयन अब केवल ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा किया जा रहा है। जिले में अभी तक 9 समितियों का ऑनलाइन पंजीयन किया गया है। ऑनलाइन प्रक्रिया से समितियों का पंजीयन करवाने हेतु लोगों को कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है। उपायुक्त सहकारिता ने बताया कि वर्तमान में समितियों का ऑफ लाइन पंजीयन बंद कर दिया गया है। समितियों के पंजीयन हेतु विभागीय ऑनलाईन पोर्टल ीजजचरूपबउपेण्उचण्हवअण्पद पर जाकर 21 व्यक्ति मिलकर सहकारी समिति का गठन कर सकते हैं। पोर्टल पर नवीन संस्था का आवेदन करने हेतु आवेदक उल्लेखित लिंक पर जाकर स्वयं एमपी ऑनलाईन नागरिक सुविधा केन्द्र के माध्यम से आवेदन कर सकता है। आवेदक को पोर्टल पर अपना लॉग इन क्रिएट करना होगा। लॉग इन क्रिएट करने हेतु आधार से लिंक मोबाईल नंबर प्रविष्टि कर ओटीपी सत्यापन होगा।प्रस्तावित संस्था की जानकारी एवं प्रथम आवेदन की जानकारी भरकर पासवर्ड निर्मित करेगा। तत्पश्चात आवेदक का लॉगिन निर्मित हो जायेगा। अंशपूंजी का मूल्य दर्ज करके प्रस्तावित सदस्यों के फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड कर तदर्थ कमेटी नामांकित कर दस्तावेज अपलोड कर अंशों का मूल्य एवं सदस्यता प्रवेश शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करेगा। आधार नंबर से वर्चुएल आईडी जनरेट होगा और आवेदक का ई.साईन कर आवेदन ऑनलाईन जमा करना होगा।विभाग द्वारा आवेदन प्राप्त होने पर अधिकतम 45 दिवस के भीतर आवेदन पर कार्यवाही की जावेगी। कुछ कमियां होने पर पोर्टल पर दर्ज किया जावेगा। जिसकी सूचना एसएमएस से दी जावेगी। पंजीयन पोर्टल पर आवेदन मान्य होने पर पोर्टल से ही पंजीयन प्रमाण.पत्र जनरेट होगा। जिसमें डिजिटल हस्ताक्षर रहेंगे।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग क्र.-2, जबलपुर**

AN ISO 9001 : 2015 Certified Office

इंदिरा गांधी मार्ग, साऊथ सिविल लाईन, जबलपुर (म.प्र.) पिन- 482001

फोन एवं फेक्स नं. 0761-2622333, ई-मेल : eepwd2jbp@nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 3/व.ले.लि./ 2021-22 — जबलपुर, दिनांक 24.08.2021

**निविदा आमंत्रण सूचना क्र.-3**

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के मार्फत निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑन लाईन भुगतान करने पर वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे।

| स. क्र. | टेण्डर आई.डी. | कार्य का नाम | आमंत्रण | ठेके की अनुमानित राशि | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2021_PWD RB_156119 | पाटन उपसंभाग के अंतर्गत पिपरिया-भैंरोघाट मार्ग एवं मनखेड़ी उपखण्ड के अंतर्गत मार्गों में बी.टी. पेंच रिपेयर का कार्य। | प्रथम | 10.00 लाख | 20000/- | 2000/- | 04 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 02 | 2021_PWD RB_156121 | पाटन उपसंभाग के अंतर्गत पाटन-पौण्डी मार्ग एवं पाटन उपखण्ड के अंतर्गत मार्गों में बी.टी. पेंच रिपेयर का कार्य। | प्रथम | 15.00 लाख | 30000/- | 2000/- | 04 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 03 | 2021_PWD RB_156123 | उपसंभाग क्र. 2 जबलपुर के अंतर्गत मेडीकल कैम्पस एवं भेड़ाघाट उपखण्ड के मार्गो में बी.टी. पेंच रिपेयर का कार्य। | प्रथम | 3.00 लाख | 6000/- | 2000/- | 04 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 04 | 2021_PWD RB_156124 | उपसंभाग क्र. 2 जबलपुर के अंतर्गत शहपुरा, चरगवां एवं बरगी उपखण्ड के मार्गों में बी.टी. पेंच रिपेयर का कार्य। | प्रथम | 10.00 लाख | 20000/- | 2000/- | 04 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 05 | 2021_PWD RB_156125 | सिहोरा उपसंभाग के अंतर्गत मझगवां उपखण्ड स्थित मार्गों में बी.टी. पेंच रिपेयर का कार्य। | प्रथम | 6.00 लाख | 12000/- | 2000/- | 04 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 06 | 2021_PWD RB_156126 | उपसंभाग क्र. 1 के अंतर्गत महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में एल्युमिनियम खिड़कियां लगाने का कार्य (अनुरक्षण कार्य) एवं आवासीय भवन क्र. 76 में विशेष मरम्मत कार्य एवं अन्य विभिन्न कार्य। | प्रथम | 10.00 लाख | 20000/- | 2000/- | 04 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 07 | 2021_PWD RB_156127 | सिविल लाईन स्थित बंगला नं. ई-13 में विशेषमरम्मत कार्य एवं पचपेढ़ी उपखण्ड के अंतर्गत अन्य मरम्मत कार्य। | प्रथम | 5.00 लाख | 10000/- | 2000/- | 04 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 08 | 2021_PWD RB_156128 | सिविल लाईन जबलपुर में 2 नग जी-टाईप क्वाटर्स एवं बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य। | प्रथम | 52.43 लाख | 53000/- | 1000/- | 12माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 09 | 2021_PWD RB_156129 | पाटन उपसंभाग के अंतर्गत वर्षाकाल के दौरान अत्यधिक वर्षा से क्षतिग्रस्त मार्गों एवं पुल-पुलियों की मरम्मत का कार्य। | तृतीय | 5.00 लाख | 10000/- | 2000/- | 04 माह (वर्षा ऋतु सहित) |

**टीप :-** (1) निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं निविदा ऑनलाईन अपलोड करने की तिथि दिनांक 03.09.2021 समय 10:30 से दिनांक 18.09.2021 समय 17:30 बजे तक है । इलेक्ट्रानिक ई.एम.डी. (RTGS/NEFT) के माध्यम से एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑनलाईन ही स्वीकार किये जावेगें। (2) अन्य विस्तृत विवरण एवं संशोधन ऑनलाईन पोर्टल पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार के संशोधन का पुनः प्रकाशन नहीं कराया जावेगा।

जी-16202/21

**कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग क्र.-2, जबलपुर**

# 514 मेगावाट बिजली ओवर ड्रा अब आठ रुपये प्रति यूनिट देने होंगे

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में बिजली के इंतजाम करने में पूरा तंत्र कुप्रबंधन का शिकार है। समय रहते व्यवस्था नहीं करने से सोमवार को 514 मेगावाट बिजली ओवर ड्रा करनी पड़ी। प्रदेश में उत्पादन क्षमता कम होने और बिजली संयंत्रों की कई यूनिटें बंद होने से यह स्थिति निर्मित हुई है। प्रदेश में बिजली संकट के बीच राज्य सरकार पर इससे आर्थिक बोझ भी आएगा। ओवर ड्रा की स्थिति वह होती है, जब कोई राज्य तय सीमा से अधिक बिजली केंद्र से खरीदता है। इसके बदले आठ रुपये प्रति यूनिट भुगतान केंद्रीय सेक्टर को करना होता है। यह स्थिति तब है, जब प्रदेश सरकार ने 21 हजार मेगावाट बिजली खरीदने का पावर परचेस एग्रीमेंट (पीपीए) कर रखा है। उधर, पूरे प्रदेश में बिजली संकट व्याप्त है। दिनभर अघोषित बिजली कटौती की स्थिति रही। यह कटौती 1,122 से अधिकतम 1,763 के स्तर पर पहुंची। अघोषित कटौती के मुद्दे पर भाजपा विधायक ही सरकार पर सवाल उठा रहे हैं। अब विधायक राकेश गिरी ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर 12 से 15 घंटे अघोषित बिजली कटौती की जानकारी दी है। उन्होंने बताया है कि जनता में रोष है। किसान सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। इससे पहले भाजपा विधायक नारायण त्रिपाठी और अजय विश्नोई भी इस मुद्दे पर मुखर हो चुके हैं। त्रिपाठी ने तो आंदोलन की चेतावनी भी दी है। कांग्रेस भी इस मामले में हमलावर है। प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमल नाथ ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति बेहद खराब होती जा रही है। कई-कई घंटों की अघोषित कटौती की जा रही है। कोयले की कमी के कारण कई ताप विद्युत परियोजनाएं बंद होने के कगार पर हैं। कांग्रेस इस मामले में प्रदेशव्यापी आंदोलन करेगी। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया उपाध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता ने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रदेश को अंधेरे युग में ढकेल दिया है। सरकार द्वारा शासकीय विद्युत उत्पादन इकाइयों को बंद किया जा रहा है और निजी क्षेत्र की कंपनियों से महंगे दामों पर बिजली खरीदी जा रही है। चार साल पहले जो सरकार सरप्लस बिजली के नकली दावे कर रही थी। वही सरकार आज अघोषित



कटौती कर रही है। मालूम हो, वर्ष 2003 में दिग्विजय सिंह सरकार के समय बिजली कटौती प्रमुख मुद्दा रहा था और उन्हें चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था।

### भाजपा विधायकों ने ही सरकार को घेरा, कांग्रेस के तीखे तेवर

अघोषित कटौती के मुद्दे पर भाजपा विधायक ही सरकार पर सवाल उठा रहे हैं। अब विधायक राकेश गिरी ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर 12 से 15 घंटे अघोषित बिजली कटौती की जानकारी दी है। उन्होंने बताया है कि जनता में रोष है। किसान सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। इससे पहले भाजपा विधायक नारायण त्रिपाठी और अजय विश्नोई भी इस मुद्दे पर मुखर हो चुके हैं। त्रिपाठी ने तो आंदोलन की चेतावनी भी दी है। कांग्रेस भी इस मामले में हमलावर है। प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमल नाथ ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति बेहद खराब होती जा रही है। कई-कई घंटों की अघोषित कटौती की जा रही है। कोयले की कमी के कारण कई ताप विद्युत परियोजनाएं बंद होने के कगार पर हैं। कांग्रेस इस मामले में प्रदेशव्यापी आंदोलन करेगी। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया उपाध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता ने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रदेश को अंधेरे युग में ढकेल दिया है। सरकार द्वारा शासकीय विद्युत उत्पादन इकाइयों को बंद किया जा रहा है और निजी क्षेत्र की कंपनियों से महंगे दामों पर बिजली खरीदी जा रही है। चार साल पहले जो सरकार सरप्लस बिजली के नकली दावे कर रही थी। वही सरकार आज अघोषित कटौती कर रही है। मालूम हो, वर्ष 2003 में दिग्विजय सिंह सरकार के समय बिजली कटौती प्रमुख मुद्दा रहा था और उन्हें चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था।

### जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में इतनी बिजली कटौती

- खंडवा जिले में रात में दो-तीन बार।
- झाबुआ में नौ घंटे।
- मंदसौर में दो से चार घंटे।
- नीमच में चार से छह घंटे।
- धार में तीन से छह घंटे।
- खरगोन में तीन से चार घंटे।

### - जबलपुर संभाग में एक से चार बजे के बीच एक से डेढ़ घंटा बिजली कटौती।

- रीवा, सतना, सीधी आदि में तीन से चार घंटे।
- ग्वालियर-चंबल संभाग में भी बिजली कटौती जारी है।

भाजपा विधायकों ने ही सरकार को घेरा, कांग्रेस के तीखे तेवर

## शहर के सभी व्यवसायिक भवनों का होगा सेफ्टी ऑडिट, ताकि न हों हादसे



**भोपाल।** आगामी दिनों में शहर के होटल सहित अन्य तरह के व्यवसायिक भवनों का सेफ्टी ऑडिट होगा। संस्था फायर एंड सिक्योरिटी एसोसिएशन ऑफ इंडिया(एफएसएआइ) सेफ्टी ऑडिट का काम करेगी। संस्था में शामिल भवन निर्माण, सुरक्षा,आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में काम करने वाले विषेषज्ञों की टीम आग,बाढ़,भूकंप से बचाव के लिए भवनों का सेफ्टी ऑडिट करने का काम करेगी। भवनों में आपदाओं से बचने के लिए सुरक्षा इंतजामों की जांच होगी। एक-एक करके शहर के सभी होटल,कोचिंग सेंटर,मॉल्स सहित ऐसे भवन जिनका व्यवसायिक इस्तेमाल किया जा रहा है। लोगों की आवाजाही अधिक होती है। एफएसएआइ के पदाधिकारी व सदस्य जांच करके रिपोर्ट शासन-प्रशासन को सौपेंगे। इससे समय पर हादसों को रोका जा सके। एफएसएआइ की सचिव डॉ शीतल शर्मा ने बताया कि हमारी संस्था देश भर में कार्य करती है। इसमें साढ़े छह हजार सदस्य हैं,जो अलग-अलग शहरों में समय-समय पर व्यवसायिक भवनों का सेफ्टी ऑडिट का काम करती है। भोपाल सहित देश के 24 शहरों में व्यवसायिक भवनों का सेफ्टी ऑडिट का काम करना शुरू किया है। आग, बाढ़, भूकंप से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करने का काम भी करते हैं। लोग व्यवसायिक भवन बनाने से पहले सलाह भी लेते हैं। होटल व व्यवसायिक भवनों की दीवारें कैसी हो,उन्हें भूकंपरोधी बनाना, दीवारों की डिजाइन सहित सुरक्षा के इंतजाम के बारे में विस्तार से बातते हैं। भोपाल में अभी ग्रीन बिल्डिंग पर काम चल रहा है। साइबर क्राइम के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए काम जल्द शुरू करेंगे। शासन-प्रशासन के सहयोग कार्यशालाओं का आयोजन करा कर लोगों को जागरूक किया जाएगा। सेफ्टी ऑडिट के बार शासन को रिपोर्ट दी जाएगी। जिससे हादसे व साइबर क्राइम की घटनाएं रोकी जा सकें।

# प्रदेश में आज 20 लाख और भोपाल में 80 हजार लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य

**भोपाल ।** प्रदेश भर में आज 20 लाख लोगों को कोरोना से बचाव का टीका लगाने का लक्ष्य है। 25 अगस्त को टीकाकरण महाअभियान के बाद यह सबसे बड़ा लक्ष्य है। गौरतलब है कि सोमवार को जन्माष्टमी पर्व के मौके पर टीकाकरण रद्द कर दिया गया था। राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ. संतोष शुक्ला ने बताया कि आज दोनों वैक्सीन यानी कोविशील्ड तथा कोवैक्सीन के दोनों डोज लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में सभी केंद्रों पर बिना ऑनलाइन बुकिंग के टीका लगाया जा रहा है। शहरी क्षेत्रों में शिविरों में बिना बुकिंग, जबकि स्वास्थ्य विभाग के स्थापित टीकाकरण केंद्रों में तीन बजे तक कोविन पोर्टल से ऑनलाइन बुकिंग वालों को टीका लगाया जाएगा। इसके बाद टीका बचने की स्थिति में बिना बुकिंग वालों को लगाया जाएगा। बुधवार को भी कोरोना टीकाकरण होगा। उधर, राजधानी भोपाल में 80 हजार लोगों को मंगलवार को टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया है, इसमें 70 हजार लोगों को कोविशील्ड और 10 हजार लोगों को कोवैक्सीन लगाई जाएगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के पहले से स्थापित 95 केंद्रों के अलावा नगर निगम के हर वार्ड में तीन जगह शिविर लगाया जाएगा। एसडीएम के अधीन टीमें भी शिविर लगाकर टीकाकरण करेंगी। इस तरह सभी मिलाकर करीब 600 केंद्रों पर टीका लगाया जाएगा।




### प्रदेश में कोरोना के 12 नए मरीज मिले

स्वास्थ्य विभाग द्वारा सोमवार को जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसार रविवार को प्रदेश में कोरोना के 12 नए मरीज मिले हैं। ये मरीज इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, धार, पन्ना, जबलपुर, श्योपुर में मिले हैं। 72,139 सैंपल की जांच में इतने मरीज मिले हैं। प्रदेश में संक्रमण दर 0.01 फीसद रही।

## जनजाति पंचायत का शुभारंभ




भोपाल। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने अपने निवास पर विमुक्त, घुमक्कड़ और अर्द्धघुमक्कड़ जनजाति पंचायत के साथ संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने सीएम शिवराज ने कन्या पूजन किया

## सैटेलाइट व जीपीएस की मदद से पता चलेगा ट्रेनों का सटीक समय

**भोपाल ।** सैटेलाइट व जीपीएस की मदद से रेलवे यात्रियों को ट्रेनों के आने का सटीक समय बता रहा है। अभी यह तकनीक भोपाल, हबीबगंज समेत मंडल के 17 स्टेशनों पर ही लागू है। इन स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले वाली घड़ियां हैं, जिन्हें सैटेलाइट व जीपीएस से जोड़ा है। ये दोनों ही तकनीकी ट्रेनों के इंजनों में काम करती है। इनकी मदद से संबंधित ट्रेनों के स्टेशन पर पहुंचने का वास्तविक समय पता चलता है। रेलवे ने इन्हें डिजिटल जीपीएस क्लॉक नाम दिया है। ये जीपीएस व सैटेलाइट के आधार पर चलने वाली आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स घड़ियां हैं। पश्चिम मध्य रेल ने तय किया है 2021-22 में डिजिटल जीपीएस घड़ियों को 100 फीसद स्टेशनों पर लगा दिया जाएगा।



### इन स्टेशनों पर लगाईं जीपीएस आधारित घड़ियां

भोपाल व हबीबगंज के अलावा बीना, इटारसी, होशंगाबाद, विदिशा, गुना, गंजबासौदा, सांची, हरदा, मंडीबामौरा, अशोकनगर, मुंगावली, ब्यावरा राजगढ़, संत हिरदाराम नगर और मंडीदीप स्टेशनों पर डिजिटल जीपीएस घड़ियां हैं। 92 स्टेशन हैं मंडल में, 17 स्टेशनों पर लगी हैं आधुनिक घड़ियां, 300 ट्रेनें गुजरती हैं मंडल के स्टेशनों से होकर चौबीस घंटे में, 3.60 लाख यात्री इन ट्रेनों से चौबीस घंटे में गुजरते हैं ,132 ट्रेनें भोपाल स्टेशन से चौबीस घंटे में गुजरती हैं, 30 हजार से अधिक यात्री भोपाल स्टेशन से चौबीस घंटे में गुजरते हैं

### ये हो रहा फायदा

- प्रत्येक जीपीएस घड़ी को सैटेलाइट सिग्नल के माध्यम से समय का सही डेटा उपलब्ध कराने उपयोग किया जा रहा है।
- जीपीएस सिस्टम को सैटेलाइट के साथ जोड़कर समय को 24 घंटे उपडेट रखा जाता है। ये डिजिटल डिस्प्ले काफी मजबूत रहते हैं। सैटेलाइट संचार नेटवर्क प्रणाली को रेलवे नेटवर्क के साथ जोड़ा गया है।

यात्रियों को ट्रेनों का सटीक समय पता चले, इसलिए यह तकनीक उपयोग कर रहे हैं। अब तक पश्चिम मध्य रेलवे के 83 स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले घड़ियां चालू की जा चुकी हैं।

**- राहुल जयपुरिया, मुख्य प्रवक्ता पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर जोन**

## विवाह स्थल पर क्षेत्रफल के हिसाब से कार्यक्रमों की अनुमति देने की मांग

**भोपाल ।** फेडरेशन ऑफ मध्य प्रदेश टेट एसोसिएशन भोपाल के उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी रिंकू भटेजा ने बताया आगामी 31 अगस्त शासन द्वारा अनलॉक-4की गाइडलाइन जारी की जाने वाली है। फेडरेशन ऑफ मप्र टेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष परमजीत सिंह खनूजा ने बताया कि एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा] वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा, चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया है कि कोरोना वैश्विक महामारी का सबसे ज्यादा बुरा असर टेंट व्यापार एवं इससे जुड़े व्यवसाय पर पड़ा है, क्योंकि यह एक शादियों में अधिक चलने वाला व्यवसाय है। जिसकी बुकिंग मुहूर्त के हिसाब से होती है। फेडरेशन के महासचिव राजेश हार्डिया ने बताया कि आगामी नवंबर ह्से विवाह के कार्यक्रम की बुकिंग प्रारंभ होने जा रही हैं। अभी तक सरकार की आरे से मात्र 100 अतिथियों को शादी में सम्मिलित होने की अनुमति दी गई है। इस कारण से ग्राहक एवं व्यापारियों में आगामी कार्यक्रम को लेकर अतिथियों की संख्या को लेकर बुक कराने के लिए असमंजस की स्थिति बनी हुई है। फेडरेशन के कोषाध्यक्ष संजय जैन ने बताया की आगामी अनलॉक-चार में प्रदेश सरकार द्वारा विवाह स्थल में क्षेत्रफल के हिसाब से अतिथियों को सम्मिलित होने की अनुमति दी जाए। गौरतलब है कि टेंट, कैटर्स व्यवसाय लॉकडाउन के कारण पूरी तरह ठप हो चुका है। अप्रैल-मई में शादियों के बहुत मुहूर्त थे,लेकिन कोरोना के कारण बड़े स्तर पर शादियां नहीं हुईं। इससे लोगों को घरों के सामने या गार्डन में टेंट लगाने की जरूरत नहीं पड़ी। खाना भी कम लोगों का बनने से कैटर्स की भी अधिक जरूरत नहीं पड़ी। ऐसे में टेंट व कैटर्स के व्यवसाय पूरी तरह से ठप हो गए। अभी शादियों का सीजन नहीं है। नवंबर में ग्यारस से शादियां शुरू हो जाएंगी। इसके बाद ही टेंट व कैटर्स व्यवसाय पटरी पर आ सकेगा।

# कालेज 15 सितंबर से खुलेंगे विद्यार्थियों व शिक्षकों को टीकाकरण अनिवार्य

**भोपाल।** उच्च शिक्षा मंत्री ने प्रदेश के कॉलेजों को 15 सितंबर से खोलने के आदेश दे दिए हैं। इसे लेकर उच्च शिक्षा विभाग ने भी गाइडलाइन जारी कर दी है। 50 फीसद उपस्थिति के साथ दूसरे और तीसरे वर्ष के विद्यार्थियों को बुलाने की तैयारी चल रही है। राजधानी के कॉलेजों में 50 फीसद उपस्थिति के साथ विद्यार्थियों को बुलाने की तैयारी चल रही है। इस दौरान कोविड गाइडलाइन का पालन करना अनिवार्य होगा। कॉलेजों में विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए टीकाकरण अनिवार्य किया गया है। साथ ही सभी को कम से कम पहला डोज जरूर लगा होना चाहिए, नहीं तो कॉलेज में प्रवेश नहीं दिया जाएगा, जबकि शेष 50 फीसद ऑनलाइन कक्षा ज्वॉइन करेंगे। शिक्षकों के साथ विद्यार्थियों और स्टॉफ का शत-प्रतिशत टीकाकरण होना आवश्यक है। अगर जरूरी हुआ तो कॉलेजों में भी टीकाकरण कैंप लगाए जाएंगे। प्रदेश के सभी कॉलेजों को अधिकार दिए गए हैं कि कब कौन सी क्लास लगाएंगे। कॉलेज इसका निर्णय खुद कर सकता है। आवश्यक हुआ तो कॉलेजों को क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी से भी अनुमति ले सकते हैं। छात्रावास के संबंध में 1 सितंबर को होने वाली बैठक में निर्णय किया जाएगा।



### प्रदेश के विश्वविद्यालयों में नए कोर्स शुरू होंगे

वहीं प्रदेश में पहली बार विक्रम विश्वविद्यालय में नए सत्र से एविएशन का पाठ्यक्रम भी शुरू होगा। विद्यार्थी उज्जैन की नालंदा एकेडमी या इंदौर से प्रैक्टिकल कर सकेंगे। यही नहीं, पहली बार किसी परंपरागत विश्वविद्यालय से कृषि और हार्टिकल्चर के पाठ्यक्रम शुरू होंगे। नए सत्र से जबलपुर के रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में फिजिकल एजुकेशन कोर्स शुरू होगा।

### कॉलेजों में लगाया जाएगा विशेष शिविर

राजधानी के कॉलेजों में टीकाकरण के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिन विद्यार्थियों और शिक्षकों ने टीका का पहला या दूसरा डोज नहीं लगवाया है। वे टीका लगवा सकते हैं। जिन विद्यार्थियों और शिक्षकों ने पहला डोज भी नहीं लिया है, उन्हें कॉलेज में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

## बेटी के लापता होने के 24 घंटे बाद पिता ने जहर खाया, मौत

**भोपाल।** बिलखिरिया इलाके में एक शख?स ने अपनी 25 वर्षीय बेटी के लापता होने के 24 घंटे बाद जहर खाकर जान दे दी। बताया जा रहा है कि उसे अपनी बेटी से काफी लगाव था। जब उसके अचानक घर से बिना बताए लापता होने की जानकारी लगी तो वह बुरी तरह से टूट गया था। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। बिलखिरिया पुलिस के मुताबिक अनुसार 50 वर्षीय कालूराम ठाकुर उर्फ रावत पुराना गांव छावनी में रहते थे। उनके परिवार में पत्नी व पांच बच्चे हैं। कालूराम खेती-किसानी के साथ मजदूरी भी करते थे। एक बेटी की शादी हो चुकी है। दो बेटे और दो बेटियां घर पर ही रहते थे। उनकी 25 साल की बेटी एमए कर चुकी है। कॉलेज पूरा होन के बाद वह गांव के ही कुछ बच्चों को उनके घर जाकर ट्यूशन पढ़ाया करती थी। 29 अगस्त को सुबह दस बजे के करीब उनकी बेटी घर में किसी को सूचना दिए बिना लापता हो गई। बेटी के घर से लापता हो जाने की जानकारी लगने के बाद कालूराम के साथ उसकी पत?नी भी दिनभर उसकी खोजबीन करते रहे। देर रात तक जब बेटी घर नहीं लौटी, तब उन?होंने पुलिस को सूचना दी। बिलखिरिया पुलिस ने भी सरगर्मी से युवती की तलाश शुरू कर दी थी। इसी बीच देर रात कालूराम ने फसलों में डालने के लिए रखा कीटनाशक पी लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा तैयार कर पोस?टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस को मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

## टोटका बना तलाक की वजह!

**भोपाल।** पति-पत्नी के बीच विवाद के किस्से तो आए दिन कुटुंब न्यायालय में चलते रहते हैं, लेकिन इन दिनों यहां कुछ अंधविश्वास के अनोखे केस चर्चा का विषय बने हुए हैं। दरअसल, कुटुंब न्यायालय में करीब चार से पांच ऐसे मामलों में काउंसिलिंग जारी है, जिनमें पति-पत्नी के बीच विवाद की वजह भूत और चुड़ैल का वहम है। भूत-प्रेत की बाधा का हवाला देकर दंपती एक दूसरे से भरण-पोषण और तलाक लेने की कोशिश में लगे हैं। हालांकि, विधि विशेषज्ञों के मुताबिक अंधविश्वास कभी तलाक का आधार नहीं बन सकता। वहीं काउंसलर्स के मुताबिक कई बार दंपती बहाने बनाकर रिश्ते से छुटकारा पाने की कोशिश करते हैं। एक मामले में दो साल पहले दांपत्य में बंधी महिला का कहना है कि वह पति के साथ नहीं रह सकती, क्योंकि वह ऊपरी हवा के चंगुल में है। उसमें भूत प्रवेश करता है तो वह अजीब हरकतें करता है, जिससे मुझे डर लगता है। इस मामले में पत्नी ने तलाक ना होने तक भरण-पोषण दिलाए जाने की मांग की है। दूसरी ओर स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत पति ने इसे नकारते हुए पत्नी की साजिश करार दिया है। मामले में काउसिलिंग के लिए बुलाया गया है।

इस तरह के मामलों में बिना उपयुक्त कारण के तलाक को मंजूरी नहीं दी जाती। अंधविश्वास को कानूनी तलाक का आधार नहीं माना गया है। पति-पत्नी के बीच झगड़े की कुछ अन्य वजह हो सकती है।

**- सिंधु धौलपुरे, काउंसलर, कुटुंब न्यायालय**

### घर में पत्नी करती है तांत्रिक क्रिया

एक दंपती की शादी को 22 साल हो चुके हैं। पति का आरोप है कि पत्नी डायन है और घर में तांत्रिक क्रियाएं करती है। तीनों बेटियां भी पत्नी के वश में हैं। मजबूरी में उसे घर छोड़कर अलग रहना पड़ रहा है। काउंसिलिंग में पत्नी ने कहा कि बीते दिनों परिवार आर्थिक तंगी से गुजर रहा है, इसलिए उसने घर में पूजा करवाई थी। पति दूसरी महिला के साथ रह रहा है और उससे छुटकारा पाने झूठा आरोप लगा रहा है। मामले में समझौता कराया गया है।

### पति के जादू-टोने से पतली हो गई

कोर्ट में फैशन डिजाइनर पत्नी ने आरोप लगाया है कि पति जादू-टोना करता है। उसने कहा कि शादी के समय उसकी हेल्थ अच्छी थी, लेकिन अब वह दिनोंदिन पतली होती जा रही है। उसने पति को कई बार अकेले कमरे में अजीब हरकतें करते देखा है। पत्नी ने कहा कि वह तभी साथ रहेगी जब पति लिखकर दे कि अब उसका वजन एक किलो भी कम नहीं होगा। मामले में पति ने इसे पत्नी का वहम बताया है। मामले में काउंसिलिंग के लिए बुलाया गया है।

## धूमधाम से मनाया गया श्री कृष्ण जन्मोत्सव



**बेलखाडू ।** बेलखाडू एवं आस पास के ग्रामो में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बडे ही धूमधाम के साथ मनाया गया। जन्माष्टमी पर्व मे हर जगह उत्साह का माहौल दिखा। सुबह से ही श्रद्धालु भक्तजनों ने भगवान श्री कृष्ण का पूजन अर्चन किया एवं दिनभर उपवास रखा तथा रात को धूमधाम के साथ भगवान श्री कृष्ण जी का जन्मोत्सव मनाया। इस अवसर पर कई नन्हे मुन्ने बच्चों ने भगवान श्री कृष्णरूपी वेशभूषा धारण की एवं कई ग्रामों मे धार्मिक अनुष्ठान का भी आयोजन किया गया।

# धूमधाम से मनाई गई श्री कृष्ण जन्माष्टमी

सिहोरा। भगवान श्रीकृष्ण के भक्तों द्वारा नगर एवं उपनगर में जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया । कोरोना गाईड लाईन के चलते इस बार भी शोभा यात्रा नहीं निकाली गई लेकिन सिहोरा खितौला के अनेक मंदिरों में सजावट की गई तथा रात्रि १२ बजे भगवान का जन्मोत्सव मनाया गया ।।



### नगर के मठ मन्दिरों में हुए आयोजन

जन्माष्ठमी पर आज नगर के झंडा बाजार, काल भैरव चौंक, सरावगी मोहल्ला के साथ बाबाताल मार्ग पर स्थित वासुदेव विला, खितौला स्थित राधा कृष्ण मंदिर सहित अन्य कृष्ण मन्दिरों में विशेष पूजा पाठ के साथ रात्रि 12 बजते ही योगेश्वर श्रीकृष्ण का प्रकाटोत्सव मनाने के साथ प्रसाद वितरण किया गया। जन्माष्टमी की नगर में चहुॅओर धूम मची रही वही महिलाओं द्वारा राधा कृष्ण मंदिरों में भजन पूजन अर्चन कार्यक्रम आयोजित किये गये तथा भक्तों द्वारा उपवास रखकर पूजन अर्चन किया गया।

## स्टेनली नॉबर्ट बने प्रांतीय सचिव

**जबलपुर ।**मध्य प्रदेष जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय कल्याण समिति ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि समिति के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन की अनुषंसा और प्रांतीय संयोजक प्रमोद तिवारी के मार्गदर्षन पर प्राताध्यक्ष उदित भदौरिया ने श्री स्टेनली नॉबर्ट सहायक षिक्षक को प्रांतीय सचिव बनाया है ।स्टेनली नॉबर्ट के प्रांतीय सचिव बनने पर समिति के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हे बधाई प्रेषित की साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। संघ ने बताया कि स्टेनली नॉबर्ट की संघ के प्रति सक्रीयता एवं समपर्ण भावना को देखते हुए उन्हे समिति का प्रांतीय सचिव बना कर एक महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है जिसे वे हर हाल में गंभीरता से समर्पित भावना से निभांएगे। संघ के प्रांताध्यक्ष-उदित भदौरिया, संयोजक-प्रमोद तिवारी, जिलाध्यक्ष- रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्रहीम, मीनूकांत शर्मा, शहीर मुमताज़, दिनेष गौड़, एनोस विक्टर, अजय मिश्रा, हेमन्त ठाकरे, आषाराम झारिया, गोपीषाह, प्रकाष मिश्रा, गिरीषकांत मिश्रा, एस.बी.रजक, अनूप डाहट, त्रिलाक सिंह, समर सिंह ठाकुर, निलेष खरे, अनूप सिन्हा, अषोक परस्ते, निलेष पटेल, शरीफअंसारी, वसुमुद्दीन, धर्मेन्द्र गुप्ता, भास्कर गुप्ता, शैलेष जैन, आषीष कोरी आदि ने बधाई प्रेषित की है।



कटंगी पहुचने पर केंद्रीय मंत्री श्री वीरेंद्र खटीक का कांग्रेस नेता श्री जगदीश सोनी व विवेक सोनी के निजनिवास पर आगमन हुआ।

## कुशाभाऊ ठाकरे की जन्म शताब्दी मनायी



**कुडम।** आज दिनांक को भारतीय जनता पार्टी कुंडम मंडल मैं भाजपा प्रदेश मंत्री विधायक सिहोरा श्रीमती नंदिनी मरावी जी के द्वारा भाजपा के पूर्व राष्टीय अध्यक्ष सम्मानीय स्वर्गीय कुशाभाऊ ठाकरे की जन्म शताब्दी के अवसर पर विधायक द्वारा दीप प्रज्वलित कर छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया. इस कार्यक्रम में कमलेश साहू डेलन सिंह,सतीश अवस्थी राजेश साहू शीतल यादव गुलाब बर्मन राजकुमारी बर्मन कमला कंकोटिया सहित भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राजनगर क्षेत्र में ओपन क्लोज का धंधा जोरों पर

**अनूपपुर।** जिले के अंतिम छोर पर स्थित रामनगर थाना अंतर्गत डोला ,पूरा धार डूमर कछार रामनगर क्षेत्र में ओपन क्लोज का धंधा जोरों पर फल फूल रहा है किंतु रामनगर पुलिस सट्टा किंग ओ के खिलाफ ठोस कार्यवाही करने में अक्षम साबित हो रही हैद्य बताया जाता है कि इस सामाजिक बुराई को खत्म करने के लिए कोई जनप्रतिनिधि या समाजसेवी भी आवाजें बुलंद नहीं कर रहे हैं जबकि अन्य मुद्दों पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और समाजसेवी सहित राजनीतिक दल के लोग हमेशा अग्रसर रहे हैंद्य आखिर क्या कारण है कि सट्टे के खिलाफ इन सभी ने अपने अपने मुंह बंद करके रखे हैंद्य सूत्रों की माने तो तीनों नगर परिषद क्षेत्र में सट्टे का संचालन सिंह बंधुओं द्वारा किया जा रहा है जिसकी जानकारी भी बीट प्रभारियों को है लेकिन कार्यवाही ना होना कहीं ना कहीं पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान उठा रहे हैंद्य बताया जाता है कि यह क्षेत्र अवैध कारोबारियों का गढ़ रहा हैद्य कालरी आवासों पर अवैध कब्जा करते हुए कई अवैध कारोबारी अपने अपने धंधे को संचालित कर रहे हैंद्य वही क्षेत्र में गली-गली शराब भी बेची जा रही हैद्य लाइसेंसी ठेकेदार द्वारा लाइसेंसी दुकान की आड़ में सैकड़ों स्थानों पर पेकारी कराई जा रही हैद्य पूर्व में राजनगर रामनगर क्षेत्र के लोगों ने अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए तत्कालीन थाना प्रभारी के खिलाफ पोस्टर अभियान भी चलाया था लेकिन अब स्थिति जस की तस बनी हुई हैद्य सूत्रों की माने तो राज नगर राम नगर क्षेत्र में उत्तर प्रदेश व बिहार से नौकरी के लिए आए हुए लोग जोकि सेवानिवृत्त हो चुके हैं और सूदखोरी का धंधा कर रहे हैं लेकिन इन पर अभी तक नकेल नहीं कसी जा रही हैद्य कुछ ही लोगों के खिलाफ कार्यवाही की गई हैद्य वैसे भी कहा जाता है कि पुलिस के हाथ काफी लंबे होते हैं अब देखना यह है कि सट्टा किंग और सूदखोरों तक पुलिस के हाथ कब तक पहुंच पाते हैं।

# वैक्सीनेशन में योगदान देने वालों को मिले प्रशस्ति पत्र

**सिहोरा।** प्रियदर्शनी वाचनालय भवन में पीएम स्वनिधि हितलाभ वितरण एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन नंदनी मरावी विधायक के मुख्यातिथ्य एवं आशीष पांडे अनुविभागीय अधिकारी एवं प्रशासक नगर पालिका परिषद की अध्यक्षता में नगर के सभी वार्डो के 50 हितग्राहियों को योजनांतर्गत ब्याज मुक्त ऋण रूपये 1 लाख की राशि एवं 2 हितग्राहियों को राशि रूपये 2 लाख का वितरण मुख्यमंत्री के द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से संबंधित हितग्राहियों के बैंक खाते सीधे वितरित किए गए साथ ही मुख्य अतिथि एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनांतर्गत 63 हितग्राहियों को आयुष्मान भारत कार्ड,122 हितग्राहियों को नवीन पात्रता पर्ची का वितरण किया गया उक्त कार्यक्रम के बाद कोविड-19 के दौरान वर्ष 2020 - 2021 में टीकाकरण हेतु लोगों को प्रेरित करने एंव उन्हें वैक्सीनेशन केन्द्र तक पहुंचाने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कोविड योद्धाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजा मोर,महामंत्री राजेश दाहिया ,नगर मंडल अध्यक्ष अभिषेक परौहा ,जिला प्रभारी अनुपम सराफ,नगर मंडल महामंत्री विनय जैन,माधव मिश्रा,अरूण जैन,शिशिर पांडे,प्रशांत परौहा ,अभिषेक चीकू तिवारी, अनिल जैन ,अशोक चौधरी ,तहसीलदार राकेश चौरसिया,नायब तहसीलदार राहुल मेश्राम, सुश्री रूबी खान,बीईओ अशोक उपाध्याय,ब्रजेश उपाध्याय ,हरीश विश्वकर्मा ,पप्पू सैन ,नरेन्द्र त्रिपाठी, धर्मशीला दुबे, अनिल दुबे, रवि दुबे ,राजेन्द्र दुबे आदि उपस्थित रहे मुख्य नगर पालिका अधिकारी जयश्री चौहान ने आयोजन में पहुचने के लिए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।




# जागेश्वर धाम बांदकपुर में लव कुश भगवान की जयंती हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**गढाकोटा।** प्राप्त जानकारी अनुसार दमोह कुशवाहा समाज जिला संगठन के तत्वावधान में 29/8/21दिन रविवार भगवान लवकुश के जन्मोत्सव एवं सम्राट अशोक के जन्मोत्सव को जयंति बर्ष मनाने हेतु सभी कुशवाहा समाज के स्वजातीय बंधुओं को सादर आमंत्रित किया गया आमंत्रित वक्ताओं ने समाज में फैली कुरुतियों अंधविश्वास कुप्रथाओं पाखंडवाद मृत्यु भोज खर्चीली शादियां बालिका शिक्षा वालविवाह दहेज प्रथा उन्नत खेती फल फूल उद्यान बागवानी हमारी समाज की राजनैतिक भूमिका समाज संगठित होकर आर्थिक रूप से कैसे ऊपर उठें इन सभी विंदुओ पर चर्चा हुई जागेश्वर धाम वांदकपुर परिसर में जिला दमोह मध्यप्रदेश जिला कुशवाहा समाज संगठन दमोह के तत्वाधान में भगवान लवकुश जयंती समारोह एवं सम्राट अशोक जयंती वर्ष महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया श्री भगवान दास कुशवाहा जिला अध्यक्ष जिला कुशवाहा समाज संगठन दमोह की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि श्री निरदे कुशवाहा ,संरक्षक आदरणीय श्री ईश्वर दास उर्फ साईंबाबा पूर्व अध्यक्ष श्री गोविन्द राम जी श्री शैलेंद्र कुशवाहा प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय युवा कुशवाहा महासभा, लीलाधर कुशवाहा जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा इकाई दमोह ने लव कुश भगवान महात्मा फुले भगवान बुद्ध सम्राट अशोक महान बाबा साहेब आंबेडकर क्षत्रपति साहू जी महराज माता सावित्रीबाई फुले बाबु जगदेव प्रसाद आदि महान स्व जातीय विभूतियों के छाया चित्रों पर माल्यार्पण किया तत्पश्चात सभी बक्ताओ ने उपस्थित समाज के सभी सजातीय भाइयों को नई ऊंचाई देने की बात रखी गई बक्ताओ में आचार्य जी मेहरवान जी बालकिशन कुशवाह योगेन्द्र कुशवाहा गंगाराम कुशवाहा मुन्ना लाल कुशवाहा शिक्षक मोतीलाल कुशवाहा भगवान दास कुशवाहा परमहंस मुकुंदी राम कुशवाहा ,बज्जु पार्षद कार्यकारी अध्यक्ष, टीकराम जी लक्ष्मण पार्षद हिंडोरिया अखिल भारतीय युवा कुशवाहा महासभा राज्य ईकाई मध्य प्रदेश के युवा प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र कुशवाहा एवं जिला युवा अध्यक्ष लीलाधर जी ने अपने विचार रखे उच्च शिक्षा संस्कार कुप्रथाओं को खत्म करने खर्चीली शादियां बालिका शिक्षा दहेज प्रथा मृत्यु भोज को पूर्णतः बंद करने की कसम ली गई नई तकनीक की खेती राजनीति क्षेत्र में समाज की भागीदारी कैसे हो आदि मुद्दों पर परिचर्चा हुई सैकड़ों की संख्या में समाज के युवा बरिष्ट समाजसेवीयो ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई मंच संचालन सचिव महोदय श्री मेहरवान कुशवाहा जी ने किया।



# तिपांचल क्षेत्र में मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस

**अनूपपुर।** जिला अनूपपुर , विकास खंड जैतहरी के अंतर्गत ग्राम मनौरा एवं गोरसी में जन अभियान परिषद व खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान मे स्पोर्ट्स क्लब गोरसी के द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त को हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की जयंती आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ मे खेल के प्रति संकल्प दिलाया गया तथा कार्यक्रम मे कई खेल विधाओ का आयोजन किया गया जिसमे बालक /बालिकाओं का स्लो सायकिल रेस कराया गया जिसमे बालक वर्ग में दीपक राठौर प्रथम , राहुल राठौर द्वितीय , अजीत रजक तृतीय, बालिका वर्ग में रजनी राठौर प्रथम, साक्षी केशरवानी द्वितीय, तथा धारनी राठौर तृतीय स्थान पर रहे। एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ज.अ.प. अनूपपुर के जिला समन्वयक श्री उमेश पांडेय जी , अध्यक्ष श्री चिंतामणि नायक जी , विशिष्ट अतिथि खेल एवं युवा कल्याण विभाग अनूपपुर जैतहरी ब्लॉक समन्वयक श्री दिनेश सिंह चंदेल जी , शा.उ.मा.विद्या. गोरसी के खेल प्रशिक्षक श्री एल.एल.मिश्रा जी , एचडीएफसी बैंक के असिस्टेंटमैनेजर श्री अरूण कुमार जी एवं समाज सेवी रामाधार राठौर , डॉ.धनीराम राठौर तथा सभी ग्रामीणजन उपस्थित रहे। स्पोर्टस क्लब गोरसी के द्वारा नन्हे पौधो से अतिथियो का सम्मान किया गया। अतिथियों के द्वारा खेल एवं मेजर ध्यानचंद जी के बारे विस्तृत जानकारी दी गई एवं अतिथियों के करकमलों से खिला?ियों को सम्मानित किया गया तत्पश्चात वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रकट खेल प्रशिक्षक श्री संजय सिंह जी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में खिलाडी रजनीश सिंह, प्रफुल्ल, धर्मेंद्र, रागनी, राजेंद्र, हरिओम,पारस, देवकी, नूतन, राजनंदनी, अकांक्षा, सृजल, वर्षा, अभय ,राज,अनुज,सुमित, बसंत,अंकित,बादल ,पल्लवी, प्राची, एवं समस्त ग्रामीणजनो का सहयोग सराहनीय रहा।

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव दर्शन करने उमड़ा जनसैलाब

## नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की घंटी घड़ियाल पटाखों से पूरा नगर जय घोष गुंजायमान हो उठा

**धनपुरी।** नंद के आनंद भयो जय कंहैया लाल की जय श्री पावन उद्घोष के साथ भगवान श्रीकृष्ण की नयन झांकी के दर्शन करने के लिए कृष्ण जन्माष्टमी पर श्रद्धालुओं भगवान की झांकी के दर्शन भक्तजनों श्री राधा कृष्ण मंदिर में सायं काल से ही भक्तों का जमावड़ा लगने लगा था जो देर रात तक मंदिर में श्रद्धालु जमे रहे और जैसे ही मंदिर का पट खुला समूचा परिसर जय जय कार की मंगलध्वनि से गुंजायमान हो उठा ।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर हिंदू धर्मिक संस्था के अध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल अपनी समिति के साथ तैयारी में जुटे रहें और 8ः00 बजे से मंदिर परिसर में श्री कृष्ण गीत का कार्यक्रम साथ भक्तजनों के द्वारा मौके पर मंदिर मंदिर में पूजा पाठ कार्यक्रम शुरू हो गया इसके बाद जन्मोत्सव का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ ।

वैदिक मंत्रो चरणों के बीच भगवान को वस्त्राभूषण चढाए गए। देर रात्रि तक भक्तगणों मंदिर में जमे रहे और जैसे ही मंदिर का पट खुला समूचा परिसर जय जयकारो की मंगल धुन में गुंजायमान हो उठा अद्भुत कान्हा के आगमन पर समूचा मंदिर परिसर तेजोमय उठा जैसे ही घड़ी में 12ः00 बजे तो मंगलाचरण में श्रीकृष्ण के अवतरित होने का आभास करा दिया पट खुलने के साथ घंटी घड़ियाल पटाखे जयकारों की ध्वनि से गूंज उठा ।



### रात्रि 12 बजे महाप्रसाद वितरण

हिंदू धार्मिक संस्था के द्वारा कोविड-19 का पालन करते हुए भक्तजनों को 2 गज की दूरी है जरूरी भगवान जन्मोत्सव के उपरांत रात्रि 12ः00 बजे से महा प्रसाद वितरण भक्तजनों को वेरीकेट माध्यम से विशेष व्यवस्था बनाई गई थी देर रात्रि तक भक्तों को प्रसाद वितरण ग्रहण किया और आपने अपने घरो को प्रस्थान किया।

श्रीकृष्ण,श्रीराम कथा राधा कृष्ण मंदिर परिसर में रामायण पाठ आयोजन 8ः00 बजे से संगीतमय सुंदर।गीतो प्रस्तुति देकर पूरा वातावरण को भक्तिमय प्रतीत हो गया रामायण पाठ का वर्णन से भक्तजन सुनने में इतना लीन थे कि समय का एहसास भी नहीं हुआ ।

सराहनीय कार्य समिति के युवाओं के द्वारा मन्दिर परिसर में पहुंच रहे भक्तगणो चप्पल रखने की व्यवस्था बनाई गई थी जो भक्तजनों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। इस कार्य से जुड़े लोगों की समिति इस सेवा से हमेशा आभारी रहेगा।

पुलिस की मुस्तैदी धनपुरी थाना प्रभारी ओमेश्वर ठाकरे अपने दल बल के साथ मंदिर परिसर में देर रात्रि तक व्यवस्था बनाने में लगे थे जिससे भक्तगणों को किसी प्रकार की भगवान का दर्शन प्रसाद ग्रहण करने में परेशानी नहीं हुई समिति पुलिस व्यवस्था को लेकर सराहना व्यक्त किया।



## सनी स्पोटिंगक्लब बघराजी के पदाधिकारीयों का हुआ सम्मान

**बघराजी।** बघराजी सनी स्पोर्टिंग क्लब द्वारा विगत 30 वर्षों से क्रिकेट क राष्ट्रीय टूर्नामेंट दंगल अखाड़ा एवं सन 2017-18 मैं मध्य प्रदेश की 66 वी सीनियर महिला, पुरुष वॉलीबॉल चैंपियनशिप छोटे से गांव बघराजी में सनी स्पोर्टिंग क्लब के द्वारा संपन्न कराई गई थी।

## आखिर भाजपा की जिला कार्यकारिणी के गठन में विलंब क्यों

**अनूपपुर।** भारतीय जनता पार्टी अनूपपुर जिला इकाई की जिला कार्यकारिणी में गठन को लेकर अब भाजपा कार्यकर्ताओं में चर्चाओं का दौर शुरू हो चुका है द्य अब जिला मुख्यालय सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण अंचल क्षेत्र के होटल ,पान ठेले एवं दुकानों में इस बात की चर्चा भी हो रही है कि जब संभाग के दोनों जिलों में भाजपा जिला कार्यकारिणी का गठन हो चुका है तो प्रदेश के अंतिम छोर में स्थित अनूपपुर जिले में भाजपा जिला कार्यकारिणी के गठन में विलंब क्यों हो रहा हैद्य बताया जाता है कि जिला कार्यकारिणी में प्रमुख पदों पर अपने चहेतों को पद आसीन करने के कारण ही विलंब हो रहा है। जिला अध्यक्ष के बाद प्रमुख पद जिला महामंत्री का माना जाता है और जिला कार्यकारिणी में 3 पद जिला महामंत्री के लिए निर्धारित है जिसमें एक अनुसूचित जन जाति या अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैद्य अन्य दो महामंत्री पद के लिए दावेदारों द्वारा जोड़-तोड़ किया जा रहा हैद्य वैसे भी अनूपपुर जिले में हमेशा ही भारतीय जनता पार्टी दो गुटों में विभक्त रही है। अब तो दोनों गुटों के अलावा कैबिनेट मंत्री बिसाहूलाल सिंह के समर्थकों को भी जिला कार्यकारिणी में एडजस्ट करना होगा और बिसाहू समर्थक सिद्धार्थ शिव सिंह अनिल पटेल सहित अनेक कार्यकर्ता भी जिला कार्यकारिणी में स्थान पाना चाह रहे हैं। वही पूर्व विधायक रामलाल रौतेल के समर्थक भी जिला कार्यकारिणी में स्थान पाना चाह रहे हैं।

# इंदौर को मिलेगा न्यूक्लियोम एडवांस्ड सेंटर फॉर जिनोमिक्स रिसर्च

**इंदौर।** भारत की जिनोमिक्स क्षमता में एक नए युग की शुरुआत को चिन्हित करने वाले एक कदम में न्यूक्लियोम इनफॉर्मेटिक्स ने आज हैदराबाद में दक्षिण एशिया की सबसे बड़ी और सबसे उन्नत जिनोमिक्स सुविधा एनकेसी की न्यूक्लियोम सेंटर फॉर जिनोमिक्स रिसर्च का अनावरण किया प्रयोगशाला नवीनतम तीसरी पीढ़ी के अनुक्रमण को अंजाम देगी और 5000 कोविड.19 जिनोमस और 500 मानव जिनोमस का अनुक्रमण करके वैश्विक महामारी से लड़ने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी खंडवा में 6 बार के सांसद स्वर्गीय श्री नंदकुमार श्री चौहान की स्मृति में स्थापित प्रयोगशाला कृषि पशुपालन और व्यक्तिगत सटीक दवा में भारत की क्षमता को बढ़ाने में भी भूमिका निभाएगी न्यूक्लियोम इनफॉर्मेटिक्स के एमडी और सीईओ श्री दुष्यंत सिंह बघेल ने ली मेरिडियन में आयोजित समारोह हैदराबाद में सभी अतिथियों का स्वागत किया और आभार प्रकट किया श्री बघेल ने यह घोषणा करते हुए बताया कि यह दक्षिण एशिया का सबसे बड़ी और उन दिनों मिक्सर सेंटर है इसका अनावरण मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा किया गया कार्यक्रम में देश के रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह जी ने भी एक वीडियो के माध्यम से संदेश भेजा और अपनी प्रसन्नता व्यक्त की कार्यक्रम में भारत सरकार के माननीय मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार प्रो के विजय राघवन मुख्य वक्ता थे




## सूचना

यशभारत समाचार पत्र में प्रकाशित हाने वाले विविध विज्ञापनों के लेखों की जांच पड़ताल करने के बाद ही पाठक इस संबंध में आर्थिक व्यवहार करें, विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापनदाता जो दावे पेश करते हैं, उनकी जवाबदारी, यशभारत समाचार पत्र नहीं देता, विज्ञापन में किये गये दावों की पूर्ति अगर विज्ञापनदाताओं द्वारा नहीं की जाती है तो उसके परिणाम के लिए यशभारत समाचार पत्र जिम्मेदार नहीं रहेगा।

# विराट कोहली को फ्रंट फुट पर खेलना जरूरी



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने कहा कि अगर विराट कोहली आफ स्टंप के बाहर गेंद नहीं छोड़ते हैं तो वे बल्ले से संघर्ष करते रहेंगे। इंग्लैंड के खिलाफ चल रही सीरीज में कोहली कई बार बाहर की गेंद को खेलते हुए आउट हुए हैं, जिसे उन्हें छोड़ देना चाहिए। जेम्स एंडरसन और ओली राबिनसन के खिलाफ उनको कई बार परेशानी हुई है। विराट कोहली लंबे समय से शतक नहीं जड़ पाए हैं। मांजरेकर ने कहा कि विराट कोहली ने 2018 में जिस तरह से वापसी की, उससे उन्हें सीख लेनी चाहिए। क्रिकेट कमेंटेटर ने कहा कि कोहली के फ्रंट-फुट खेल ने औसत गेंदबाजों को विश्व-बीटर की तरह बना दिया है। सीरीज में अब तक तीन टेस्ट में विराट ने 24.80 की औसत से 124 रन बनाए हैं, जिसमें एक अर्धशतक ही शामिल है। विराट कोहली के लिए 2014 का इंग्लैंड दौरा बहुत ही खराब रहा था। पूर्व सलामी बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने एचटी से बात करते हुए कहा, विराट कोहली वर्तमान में आफ साइड के अपने मुद्दे से जूझ रहे हैं, 2014 विराट को परेशान करने के लिए वापस आ रहा है और अगर वह 2018 की तरह गेंदों को नहीं छोड़ते हैं, तो उनके पूरी श्रृंखला में परेशानी होने की संभावना है। या वह फ्रंट फुट पर जाने के लिए इतना जुनूनी हो जाएं कि जिससे उनका जीवन आसान हो और गेंदबाजों को और अधिक कठिनाइए हो। इससे पहले इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा था कि विराट को नई गेंद का सामना करने के लिए संघर्ष करना पड़ा है। हुसैन ने कहा कि कोहली को थोड़ी %तकनीकी समस्या% है और उन्हें आफ स्टंप के बाहर गेंद छोड़नी चाहिए। डेली मेल को लिखे अपने कालम में हुसैन ने कहा, वह (कोहली) तीसरे दिन एक स्पैल से गुजरे, बेशक एक पुरानी गेंद के खिलाफ, जहां वह इसे अच्छी तरह से छोड़ रहा थे, लेकिन नई गेंद को छोड़ना मुश्किल है, क्योंकि यह बाद में स्विंग करती है।



## BCCI ने घरेलू सत्र को लेकर किया बड़ा फैसला, रणजी ट्राफी के लिए हुआ ऐलान





**नई दिल्ली।** अगले साल पांच जनवरी से शुरू होने वाले रणजी ट्राफी के नए सत्र का आयोजन छह शहरों में किया जाएगा। इस दौरान प्रत्येक टीम को अपने प्रत्येक मैच से पहले पांच दिन के अनिवार्य क्वारंटाइन में रहना होगा। बीसीसीआइ ने ये भी जानकारी दी है कि सभी टीमों को ज्यादा से ज्यादा 30 सदस्यों को अपने साथ रखने की अनुमति होगी, जिसमें 20 क्रिकेटर और 10 सपोर्ट स्टाफ के सदस्य शामिल होंगे। ग्रुप आफ डेथ कहे जाने वाले ग्रुप-सी में सितारों से सजी मुंबई, कर्नाटक और दिल्ली की टीमें हैं, जिनके साथ कई बार की चैंपियन हैदराबाद, महाराष्ट्र और उत्तराखंड भी शामिल हैं। पिछले साल की उप विजेता बंगाल को आसान ग्रुप मिला है। वह ग्रुप-बी में विदर्भ, हरियाणा, केरल, त्रिपुरा और राजस्थान के साथ है। गत विजेता सौराष्ट्र, तमिलनाडु, रेलवे, जम्मू-कश्मीर और गोवा ग्रुप-डी में हैं। ग्रुप-ए भी उतना ही मजेदार है, जहां गुजरात, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, सर्विसेज और असम की टीमें हैं। ग्रुप-ई में आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बड़ौदा, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और पुडुचेरी हैं। प्लेट ग्रुप में चंडीगढ़, मेघालय, बिहार, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश की टीमें हैं। ग्रुप-ए के मैच मुंबई, बी और सी के बेंगलुरु, डी के अहमदाबाद, ई के तिरुअनंतपुरम और प्लेट ग्रुप के चेन्नई में होंगे। बीसीसीआइ ने इस बार कई घरेलू टूर्नामेंट आयोजित करने का फैसला किया है, जिसमें रणजी ट्राफी के अलावा सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट भी शामिल है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआइ ने डे-वाइज शेड्यूल तैयार कर लिया है और सभी राज्य संघों को मेल भेजकर इस बात के लिए पूछा है कि कौन-कौन सा स्टेडियम मुकाबलों के लिए तैयार है। बीसीसीआइ ने इसके लिए एक सितंबर तक की मोहलत दी है। बीसीसीआइ ने ये भी जानकारी दे दी है कि रणजी ट्राफी के 2021-22 के सत्र के नाकआउट मुकाबले कोलकाता में खेले जाएंगे। वहीं, मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट के नाकआउट मैच दिल्ली में आयोजित किए जाएंगे। भारत में एकदिवसीय प्रारूप में खेले जाने वाले विजय हजारे टूर्नामेंट के नाकआउट मैच चेन्नई में आयोजित किए जाएंगे।

## BCCI अगले साल हो जाएगी और भी ज्यादा अमीर



नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग यानी आइपीएल के 2022 संस्करण के दौरान दो नई फ्रेंचाइजी के साथ भारतीय क्रिकेट बोर्ड जल्द ही कम से कम 5000 करोड़ रुपये से अधिक अमीर हो सकता है। आइपीएल, जो वर्तमान में आठ टीमों का टूर्नामेंट है, अगले संस्करण से 10 टीम का इवेंट बन जाएगा और हाल ही में गवर्निंग काउंसिल की बैठक के दौरान बोली प्रक्रिया के तौर-तरीकों को चाक-चौबंद किया गया है। नाम न छापने की शर्त पर बीसीसीआइ के एक अधिकारी ने न्यूज एजेंसी पीटीआइ को बताया, कोई भी कंपनी 75 करोड़ रुपये देकर बोली दस्तावेज खरीद सकती है। पहले शीर्ष अधिकारी दो नई टीमों के लिए आधार मूल्य 1700 करोड़ रुपये रखने के बारे में सोच रहे थे, लेकिन बाद में आधार मूल्य 2000 करोड़ रुपये रखने का फैसला किया गया। सूत्र, जिन्होंने अतीत में आइपीएल के वित्तीय पक्ष को देखा है, उन्होंने कहा कि बीसीसीआइ को कम से कम 5000 करोड़ रुपये का लाभ होगा यदि बोली योजना के अनुसार होती है, जिसमें बहुत सारे बड़े व्यापारिक समूह बोली लगाने में सक्रिय रुचि दिखाते हैं।अधिकारी ने कहा, बीसीसीआइ अधिक नहीं तो 5000 करोड़ की सीमा में कुछ भी उम्मीद कर रहा है। अगले सीजन में 74 आइपीएल मैच होंगे और यह सभी के लिए फायदे की स्थिति है। पता चला है कि 3000 करोड़ रुपये के सालाना टर्नओवर वाली कंपनियों को ही टीमों के लिए बोली लगाने की अनुमति होगी। एक स्वागत योग्य समाचार में बीसीसीआइ एक संघ को टीमों के लिए बोली लगाने की अनुमति देने की योजना बना रहा है, क्योंकि यह बोली प्रक्रिया को और अधिक जीवंत बनाता है।सूत्र ने कहा है, मुझे लगता है कि तीन से अधिक व्यावसायिक संस्थाओं को एक संघ बनाने की अनुमति नहीं दी जाएगी, लेकिन यदि तीन व्यवसाय एक साथ आते हैं और एक टीम के लिए संयुक्त रूप से बोली लगाना चाहते हैं, तो उनका ऐसा करने के लिए स्वागत है।जिन स्थानों पर टीमें आधारित हो सकती हैं, उनमें अहमदाबाद, लखनऊ और पुणे शामिल हैं। अहमदाबाद में नरेंद्र मोदी स्टेडियम और लखनऊ में इकाना स्टेडियम, बड़ी क्षमता वाले स्टेडियम हैं, जो फ्रेंचाइजी के लिए पसंद हो सकते हैं। कुछ नाम जो चर्चा में हैं, उनमें अडानी समूह, आरपीजी संजीव गोयनका समूह, प्रसिद्ध फार्मा कंपनी टोरेंट और एक प्रमुख बैंकर शामिल हैं, जिन्होंने टीमों को खरीदने में सक्रिय रुचि दिखाई है।

## मां ने बनाया खिलाड़ी उन्हीं के गले में डालूंगा पदक

निषाद बमुश्किल अपनी भावनाओं पर काबू रख पा रहे थे। रजत जीतने के बाद सबसे पहला धन्यवाद उन्होंने अपनी मां पुष्पा देवी को दिया।2007 में घास काटने वाली मशीन से उनका हाथ कट गया था, लेकिन यह मां थीं जिन्होंने निषाद को कभी खेलने से नहीं रोका। निषाद ने कहा कि यह पदक मां के गले में डाल देंगे। राष्ट्रीय खेल दिवस पर जीता यह पदक उनको और सभी देशवासियों को समर्पित है। मां ने हाथ कटा होने के बावजूद कभी उन्हें अहसास नहीं होने दिया कि वह दिव्यांग हैं। वह उन्हें खेलने के लिए प्रेरित करती थीं। उनके मन से यह डर भी निकाल दिया था कि उन्हें खेलने से चोट लगेगी। वह मां की वजह से ही खिलाड़ी बनें।

### माता-पिता ने कर्ज लेकर कराई ट्रेनिंग

हिमाचल प्रदेश के अंब के बदाऊं कस्बे के छह फुट चार इंच लंबे निषाद को याद है जब स्कूल में उनकी लंबाई की वजह से अध्यापक ने ऊंची कूद अपनाने को कहा। जब वह 2017 में अच्छी ट्रेनिंग के लिए पंचकूला जा रहे थे तो खेतों में मजदूरी करने वाली उनके माता-पिता ने सिर्फ 2500 रुपये देकर उन्हें भेजा था। उन्हें बाद में पता लगा कि उनकी तैयारियों के लिए माता-पिता ने लोगों से और बैंक से कर्ज लिया। उन्हें कभी इस बारे में नहीं बताया। बाईस वर्षीय निषाद चाहते हैं कि इस पदक के बाद उनकी सरकारी नौकरी लग जाए। वह मां को सरकारी नौकरी का तोहफा देना चाहते हैं। फिलहाल वह जालंधर के नजदीक लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे हैं।



### मरियप्पन के स्वर्ण से पैरा एथलेटिक्स का पता लगा

निषाद को 2016 तक पैरा खेलों के बारे में पता तक नहीं था। वह 2018 तक आम एथलीटों के साथ स्पर्धा में शिरकत करते रहे। रियो पैरालंपिक में जब टी मरियप्पन और वरुण भाटी ने ऊंची कूद में पदक जीते तो गांववालों ने उनसे कहा कि वह भी इसमें किस्मत आजमा सकते हैं। इसके बाद ही उन्होंने पैरा एथलेटिक्स को अपनाया। वह आम एथलीटों के स्कूल नेशनल में 10वें स्थान पर रहे थे।





# निया शर्मा की शो में एंट्री से एक्साइटेड हुए फैंस








नई दिल्ली। छोटे पर्दे की मशहूर अभिनेत्री निया शर्मा रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी का हिस्सा बनने वाली हैं। सोमवार को सोशल मीडिया के जरिए उन्होंने खुद इस शो का हिस्सा बनने को लेकर खुलासा किया है। निया शर्मा सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहने वाली अभिनेत्रियों में से एक हैं। वह अपने फैंस के लिए खास तस्वीरें और वीडियो साझा करती रहती हैं। वहीं निया शर्मा के बिग बॉस ओटीटी में शामिल होने पर उनके फैंस और शो के दर्शकों ने खुशी जाहिर की है। कई सोशल मीडिया यूजर्स ने निया शर्मा के लिए खास पोस्ट लिखकर अपनी खुशी जाहिर की है। इतना ही अभिनेत्री के फैंस यह तक भी कर रहे हैं कि वह बिग बॉस ओटीटी में नेहा भसीन पर भारी पड़ने वाली हैं। नेहा शर्मा इन दिनों शो में अपने खेल और रणनीति को लेकर काफी सुर्खियों में हैं।

Raghav Dilbar नाम के यूजर ने निया शर्मा के लिए लिखा, %फुल एंटरटेनमेंट के लिए तैयार है हॉटनेस की दुकान की सेक्सी निया शर्मा की बिग बॉस में वापसी।' you know the vibez ने लिखा है, %निया शर्मा को बिग बॉस ओटीटी में एंट्री लेते देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं। आशा है कि वह अपने सफर में गलत रास्ते पर नहीं जाएगी। मैं उनसे बहुत प्यार करता हूं और मैं नहीं चाहता कि कोई उनसे नफरत करे।

Praful RubiHolic ने लिखा है, %निया शर्मा टीवी की बड़ी अभिनेत्री बिग बॉस ओटीटी में वाइल्ड एंट्री लेने वाली हैं। मैं आपको देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता।% इनके अलावा और भी कई सितारों ने निया शर्मा के बिग बॉस ओटीटी में हिस्सा लेने पर अपनी खुशी जाहिर की है। आपको बता दें कि निया शर्मा वाइल्ड कार्ड एंट्री के तौर पर शो का हिस्सा बनेंगी। निया ने इसकी पुष्टि कर दी है और सोशल मीडिया में अपनी कुछ तस्वीरें पोस्ट की, जिनके साथ उन्होंने दिलचस्प कैप्शन लिखा था।

बिग बॉस में ग्लैमर और ड्रामा बढ़ाने के लिए हर साल कुछ कंटेस्टेंट्स को वाइल्ड कार्ड एंट्री दी जाती है। निया शर्मा बिग बॉस ओटीटी में यह जिम्मेदारी निभाने जा रही हैं। सूत्रों के मुताबिक, निया की एंट्री शो में बुधवार को दिखायी जाएगी। इधर, निया ने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें पोस्ट की था, जो उस होटल की बतायी जा रही हैं, जहां शो में एंट्री से पहले उन्हें क्वारंटाइन में रखा गया है। इन तस्वीरों में निया आराम फरमाते हुए दिख रही हैं। निया ने इसके साथ लिखा- चलो कुछ तूफानी करते हैं... एक सितम्बर को बिग ब ॉस ओटीटी।

# नशेड़ी सिरफिरे ने स्कूल में जमाया डेरा

# कैसे लगेगी खलासी लाईन की शासकीय प्राथमिक शाला

## बाथरुम तक नहीं जाने देता सिरफिरा



स्कूल में कब्जा करके बैठा सिरफिरा



स्कूल की शिक्षिकाएं

**जबलपुर, यशभारत। बेलबाग थाना क्षेत्र के खलासी लाइन में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में एक सिरफिरा अवैध रुप से कोरोनाकाल से रह रहा है। अब जब स्कूल खुलने का समय आया है तो वहां के शिक्षक पशोपेश में है कि आखिर स्कूल में बच्चे पढ़ेंगे कैसे?**

जानकारी अनुसार शासकीय प्राथमिक स्कूल की प्राचार्या ने इसकी शिकायत कई बार बेलबाग थाने में भी की। पुलिस ने इसके बाद सिरफिरे को पकड़कर ले भी गई। लेकिन दो दिन बाद सिरफिरे ने स्कूल में आकर फिर से कब्जा कर लेता है।

### मादक पदार्थ का करता है सेवन

सूत्रों की मानें तो शासकीय स्कू ल में घर बनाकर बैठा सिरफिरा नशेड़ी है और मादक पदार्थ का सेवन कर, अजीब हरकतें कर रहा है। उसकी इस हरकतों के बाद पूरा स्कूल स्टाफ परेशान है।

### बाथरुम तक नहीं जा पाता स्टाफ

सिरफिरे की हरकतें यहीं नही रुकती, पूरे स्कूल में कब्जा जमाने के बाद सिरफिरा वहां धड़ल्ले से गांजा फूंकता है और तो और स्कूल की बाथरुम में भी कब्जा करके बैठा है। **फोटो- अशोक बर्मन**

### इन्होंने कहा

स्कूल के गेट का ताला खुला रहता है, जिससे सिरफिरा वहां पहुंच जाता है। अब स्कूल प्रबंधन एक चौकीदार रखे, यह उनकी जिम्मेदारी है। एक बार पुलिस ने कार्रवाई की है। अब 24 घंटे तो सिपाही तैनात नहीं किया जा सकता।

**संध्या चंदेल प्रभारी, बेलबाग थाना**

# हस्ट्रीशीटर अब्दुल रज्जाक का खास गुर्गा कमरूल इबाद गिरफ्तार

## घर में मिली 1 राइफ ल, 12 बोर बंदूक और 20 जिंदा कारतूस



**जबलपुर, यशभारत।** हिस्ट्रीशीटर अब्दुल रज्जाक की परेशानियां और बढ़ती जा रही है कुछ दिन पूर्व ही विजय नगर के एम मामले में पुलिस जांच में हथियार बरामद होने के बाद अब उसके अवैध कार्यो से जुड़े गुर्गो पर पुलिस की स्पेशल इनवेस्टिगेशन टीम का शिकंजा कसता जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सिद्वार्थ बहुगुणा ने अधिकारियों को रज्जाक से जुडे लोगों कै अपराधिक रिकॉर्ड तैयार करने के आदेश दिये थे। जिसके बाद एसआईटी ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सोमवार को जबलपुर सहित अन्य 3 जिलों में छापामार कार्रवाई करते हुए जेल में निरूद्ध अब्दुल रज्जाक और उसके फ रार बेटे के खास गुर्गे को घर से गिरफ्तार किया है।

पकड़े गए कमरूल इबाद के घर से सर्चिंग के दौरान पुलिस को 1 राइफ ल, एक 12 बोर बंदूक एवं 20 जिंदा कारतूस मिले हैं। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि अब्दुल रज्जाक के घर से मिले विदेशी हथियार की चल रही जांच में नया मोहल्ला निवासी कमरूल इबाद का नाम आया था। पुलिस ने आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से 1 राइफ ल, एक 12 बोर बंदूक और 20 जिंदा कारतूस जब्त किए हैं। जांच में यह भी पता चला है कि 100 कारतूस लिए गए थे, जिनमें 80 कारतूस मिसिंग हैं। पुलिस मिसिंग कारतूस के संबंध में आरोपी से पूछताछ कर रही है।

### न्यायालय परिसर में हंगामा करने वालों की तलाश जारी

रज्जाक पहलवान की गिरफ्तारी के बाद शुक्रवार को कोर्ट परिसर में बवाल कराने वाले बेटे सरताज और उसके गुर्गो को दबोचने के लिए एसआईटी की एक टीम ने सोमवार को रज्जाक के नया मोहल्ला रिपटा स्थित घर में दबिश दी। आरोपियों के करीबियों से पूछताछ की गई। यहां कुछ संदिग्धों के घर भी छानबीन की गई।

### सरजात का करीबी है कमरूल

सीएसपी अखिलेश गौर ने बताया कि कमरूल को एसआईटी आज न्यायालय में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड आवेदन प्रस्तुत करेगी। एसआईटी का मानना है कि नया मोहल्ला निवासी कमरूल इबाद रज्जाक पहलवान और सरताज का बेहद करीबी है। पकड़े गए इबाद की शुक्रवार को कोर्ट परिसर में हुए बवाल में भूमिका होने की बात भी सामने आ रही है। एसआईटी आरोपी रज्जाक पहलवान के खनन से जुड़े कारोबार सहित उसकी संपत्तियों में बने साझेदारों व कैश रखने वालों की जानकारी खंगाल रही है।

### गुर्गो की लिस्ट तैयार

पुलिस से जुड़े लोगों की माने तो रज्जाक के अवैध कार्यो में लगे उसके सहयोगियों की लिस्ट पुलिस द्वारा तैयार कर ली गई है और इनके अपराधिक रिकॉर्ड को भी खंगाला जा रहा है। पुलिस ने अपराधियों की पूरी कुंडली तैयार कर ली है। है और इन्हें शीघ्र ही हिरासत में लिया जायेगा।

# क्या गढ़ा एकता चौक में चल रहा जुएं का फड़ ?

## पुलिस दावा करती है कि जुआ, सट्टा पर कसी है लगाम, तो फिर फड़ आबाद कैसे?

**जबलपुर, यशभारत। गढ़ा का एकता चौक जुआ फड़ों से रौशन है। यहां तालाब किनारे एक मकान में एक दिन में लाखों के दांव लग जाते है।**



अलसुबह से आबाद होने वाले इस फड़ में वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग जाती है। इतना ही नहीं फड़ संचालक यहां अपने ग्राहकों को हर घंटे चाय-नाश्ते का प्रबंध भी करता है और जरुरत पडने पर लाखों की रकम चंद मिनटों में ब्याज पर ही मुहैया करा रहा है। यदि पुलिस सख्त कार्रवाई करे, फड़बाज का पर्दाफाश होते देर ना लगेगी। सूत्रों की मानें तो एकता चौक के तालाब किनारे बने एक मकान में अवैध कब्जा कर, फड़बाज वर्षों से जुआ और सट्टा का फड़ संचालित कर रहा है। जिसमें रोज तकरीबन 50 से 100 लोग रोज मौजूद रहते है।

### युवाओं को बना रहा शिकार

युवाओं को जल्द करोड़पति बनने के हसीन सपने दिखाकर, फड़बाज अपना फड़ रौशन करे हुए है। यहां जुआ और सट्टा के अलावा नशे का कारोबार भी धड़ल्ले से हो रहा है। जिसकी भनक जिम्मेदारों को भी है। यदि समय रहते कार्रवाई हो तो कई बड़े खुलासे भी हो सकते है।

# ग्वारीघाट में उतराता मिला शव

**जबलपुर, यशभारत।** ग्वारीघाट के जिलहरी घाट में आज सुबह उस वक्त गहमागहमी का माहौल बन गया जब स्नान कर रहे लोगों ने नर्मदा नदी के प्रवाह में एक शव उतराते हुए देखा। जिसके बाद मौके पर पुलिस को सूचना दी गई। उतराते शव को पुलिस ने रेस्क्यू कर निकाला, लेकिन अभी तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि अधेड़ नहा रहा था, तभी नदी में गिर गया और बहते हुए जिलहरी घाट में आ गया। अब पूरी जांच के बाद ही मामले से पर्दा उठेगा। ग्वारीघाट जांच अधिकारी प्रेमलाल भवेदी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि आज सुबह करीब 9 बजे सूचना मिली थी कि जिलहरी घाट में एक शव दिख रहा है।

जिसके बाद शव को निकालकर

## उच्च न्यायालय ने पारित किया आदेश

# ओमती नाले से 2 माह में हटेंगे अतिक्रमण

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर शहर में एशिया के सबसे बड़े ओमती नाले से अब 2 माह के अंदर सभी अतिक्रमण हटाए जाएंगे। आज

### ननि कमिश्नर कार्रवाई कर रिपोर्ट करेंगे प्रस्तुत

माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर ने एक जनहित याचिका का फैसला करते हुए यह आदेश पारित किया। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि याचिका कर्ता नगर निगम कमिश्नर को एक प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। जिसके बाद निगमायुक्त द्वारा कार्यवाही की जाए। अगर ऐसा नहीं होता है तो याचिकाकर्ता पुन: जनहित याचिका लगाकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकता है। मनीष कुमार शर्मा प्रांतीय संयोजक नागरिक उपभोक्ता मंच ने बताया कि एक जनहित याचिका दायर की गई थी। मास्टर प्लान में साफ कहा गया है कि ओमती नाले के दोनों तरफ तीन-तीन मीटर तक सड़क बनाई जाए और वृक्षारोपण किया जाए। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। अभी देखने में आया था कि इंदौर में जो कानन नाला है, जो वास्तव में नदी



थी। उसको वहां के कमिश्नर द्वारा उचित प्रबंधन किया गया और वह नाला पुन: नदी में बदल गया। इसी बात को ध्यान में रखते हुए यह याचिका दायर की गई थी। माननीय न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन एवं न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला ने अहम निर्देश देते हुए कहा है कि याचिकाकर्ता नगर निगम कमिश्नर को एक प्रतिवेदन प्रस्तुत करे और उस प्रतिवेदन पर दो माह के अंदर ननि कमिश्नर निर्णय लें। अगर ऐसा नहीं होता है तो माननीय उच्च न्यायालय ने स्वतंत्रता दी है कि वापस याचिका या अवमानना लगाकर, याचिकाकर्ता अपनी बात रख सकते है।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )